प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



पंडित जवाहर लाल नेहरू | लाल बहादुर शास्त्री | इंदिरा गांधी | चौधरी चरण सिंह

नेहरू, शास्त्री और इंदिरा के रास्ते पर नरेंद्र मोदी पेज- 2

भैया-बहनों ने योग कर फन हाउस का उठाया आनंद पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 144 | शुक्रवार 15 मई 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

# 11 करोड़ घोषित आय, 60 करोड़ खर्च

## -भाजपा सांसद पात्रा ने राहुल गांधी के विदेश दौरों की फंडिंग पर उठाए सवाल

(एजेंसी) नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की विदेश यात्राओं पर सवाल उठाते हुए उनकी आय के स्रोत के खुलासे की मांग की। पार्टी ने दावा किया कि राहुल गांधी की साल दर साल आय और उनकी विदेश यात्राओं पर होने वाले खर्च के बीच स्पष्ट विसंगति है। भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने दावा किया कि राहुल गांधी पिछले 22 वर्षों में 54 बार विदेश यात्रा पर गए, जिन पर कुल 60 करोड़ रुपये का अनुमानित खर्च आया। भाजपा नेता ने कहा कि इसके विपरीत, पिछले 10 वर्षों के चुनावी हलफनामों के अनुसार उनकी कुल घोषित वार्षिक आय लगभग 11 करोड़ रुपये रही है। सांसद पात्रा ने चुनावी हलफनामों का हवाला देते हुए कहा कि राहुल गांधी की घोषित कुल संपत्ति 2004 में 55.38 लाख रुपये थी, जो 2024 में बढ़कर 20.39 करोड़ रुपये हो गई। उन्होंने सवाल किया, जब उनकी कुल संपत्ति और देनदारियां लगभग 21 करोड़ रुपये हैं, तो इन विदेश यात्राओं पर खर्च हुए 60 करोड़ रुपये



का हिसाब कैसे बैठता है? भाजपा सांसद ने मांग की कि कांग्रेस और राहुल गांधी बताएं कि लोकसभा में विपक्ष के नेता की इन यात्राओं का खर्च किसने उठाया। गांधी की विदेश यात्राओं का वर्षवार ब्योरा साझा करते हुए भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता ने अपनी कई विदेश यात्राओं का खुलासा नहीं किया और वे रहस्यमयी रही हैं। उन्होंने कहा, यह कानूनी सवाल पैदा करता है। विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के प्रावधानों के तहत, किसी भी सांसद, न्यायाधीश या सरकारी अधिकारी को किसी भी एजेंसी द्वारा प्रायोजित यात्रा के लिए गृह मंत्रालय से पूर्व अनुमति लेनी होती है। पात्रा ने कहा, यदि कोई व्यक्ति अपने व्यक्तिगत खर्च पर विदेश यात्रा करता है, तो उसे इसका विवरण आयकर रिटर्न में देना होता है। यदि विदेश में आपको कोई उपहार मिलता है या आप पर अज्ञात तरीके से पैसा खर्च किया जाता है, तो यह काला धन अधिनियम 2015 के प्रावधानों के दायरे में आता है। भाजपा नेता ने सवाल किया, क्या उन्होंने अपनी विदेश यात्राओं के लिए गृह मंत्रालय से अनिवार्य पूर्व अनुमति प्राप्त की थी? दस्तावेज कहां हैं? क्या उन्होंने आयकर रिटर्न में इसका खुलासा किया है? पात्रा ने दावा किया कि पिछले साल सितंबर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर दिसंबर 2024 से सितंबर 2025 के बीच राहुल गांधी की छह अघोषित विदेश यात्राओं पर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ ने अपने आधिकारिक पत्र में कहा कि ये सभी छह विदेश यात्राएं एसपीजी सुरक्षा के येलो बुक प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हुए की गईं। भाजपा नेता ने कहा, हम पूछना चाहते हैं कि तीन मई 2026 की रात गांधी की मस्कट (ओमान) की निजी यात्रा का एक वीडियो फुटेज सामने आया है। उन्होंने किसी सार्वजनिक कार्यक्रम की घोषणा नहीं की थी। न तो मेजबान का खुलासा किया गया और न ही कोई यात्रा कार्यक्रम बताया गया। उन्हें किसने आमंत्रित किया था? इसके लिए एफसीआरए की धारा छह के तहत अनिवार्य अनुमति भी नहीं दिखाई गई है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, यदि ओमान से जुड़ी इस जानकारी की पुष्टि हो जाती है, तो यह श्येलो बुकश सुरक्षा प्रोटोकॉल (नियमों) के उल्लंघन और अघोषित विदेश यात्राओं के उस क्रम में सातवीं यात्रा होगी।ष पात्रा ने कहा कि गांधी द्वारा की जा रही ये विदेश यात्राएं और विशेष रूप से उनकी रहस्यमयी यात्राएं गंभीर सवाल खड़े करती हैं, खासकर तब जब वह भविष्य में देश का प्रधानमंत्री बनने की आकांक्षा रखते हैं। भाजपा नेता ने सवाल किया, वह किस मकसद से ओमान गए थे? वहां उन्होंने किससे मुलाकात की? वहां उन्होंने देश के खिलाफ क्या बोला? उन्होंने वहां किस तरह की साजिश रची? पात्रा ने कहा, भारत सरकार उन्हें छोड़ने वाली नहीं है। यह नया भारत है। हर जगह कैमरे लगे हैं। हर चीज का हिसाब रखा जा रहा है। हमने आज केवल एक छोटा सा लेखा–जोखा जारी किया है। अभी कई तथ्य और दस्तावेज उपलब्ध हैं और उन्हें (राहुल गांधी) बख्शा नहीं जाएगा।

# कलकत्ता हाईकोर्ट में वकील की पोशाक में दिखीं ममता बनर्जी

## -कोर्ट से बाहर निकलते ही समर्थकों और विरोधियों में भिड़ंत, लगे चोर-चोर के नारे

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में एक वकील के तौर पर पेश हुईं। वह



हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद हुई हिंसा से जुड़ी एक जनहित याचिका पर बहस करने के लिए पहुंची थीं। इसके बाद जब ममता बनर्जी जब अदालत से बाहर आईं तो उनके खिलाफ चोर–चोर के नारे लगाए गए। मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थिति को संभाला। यह पीआईएल कलकत्ता हाईकोर्ट के वकील और वरिष्ठ अधिवक्ता तथा चार बार के तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी के बेटे सिरसन्या बनर्जी ने दायर की थी। सिरसन्या बनर्जी हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में हुगली जिले की उत्तरपारा विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार थे। हालांकि, उन्हें भाजपा उम्मीदवार और पूर्व एनएसजी कमांडेंट दीपंजन चक्रवर्ती ने 10,000 से अधिक वोटों के अंतर से हरा दिया था। ममता बनर्जी इस मामले में वकील के तौर पर बहस करेंगी, जिसके लिए वह कलकत्ता हाईकोर्ट में वकीलों वाला पारंपरिक काला कोट और सफेद कॉलर–बैंड पहनकर पहुंची थीं। वे केस की सुनवाई के लिए मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल और न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन की डिवीजन बेंच के सामने पेश हुईं। इस साल की शुरुआत में, ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में श्स्पेशल इंटेंसिव रिवीजनश (एसआईआर) से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में पेश हुई थीं। उस दिन उन्होंने सीजेआई सूर्यकांत की बेंच के सामने संक्षेप में अपनी बात भी रखी थी। हालांकि उस मामले में वह वकील के तौर पर पेश नहीं हुई थीं। हाल ही में संपन्न हुए पश्चिम बंगाल चुनावों मे ममता बनर्जी को दक्षिण कोलकाता की भवानीपुर विधानसभा सीट से मौजूदा मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने 15,000 से अधिक वोटों के अंतर से हरा दिया था।अपनी पार्टी तृणमूल कांग्रेस की हार और भवानीपुर में अपनी व्यक्तिगत हार के बावजूद उन्होंने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपने की परंपरा का पालन नहीं किया। उन्होंने तर्क दिया कि वह इस्तीफा देने से इसलिए बच रही हैं, क्योंकि उनके अनुसार, विधानसभा चुनावों के नतीजे जनता के जनादेश का सही प्रतिबिंब नहीं थे।हालांकि राज्यपाल आरएन रवि ने पिछली राज्य विधानसभा को भंग कर दिया, जिससे ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पिछली कैबिनेट भी भंग हो गई और वह पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री बन गईं।

# पासपोर्ट विवादः गुवाहाटी क्राइम ब्रांच के दफ्तर पहुंचे कांग्रेस नेता पवन खेड़ा, कहा-जांच में सहयोग कर रहा हूँ

(एजेंसी) गुवाहाटी। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा बृहस्पतिवार को गुवाहाटी स्थित क्राइम ब्रांच



पुलिस स्टेशन पहुँचे। यह पेशी असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा से जुड़े पासपोर्ट विवाद के मामले में हुई। पुलिस स्टेशन के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए खेड़ा ने कहा,'जांच चल रही है और मैं इसमें सहयोग कर रहा हूँ।'विवाद तब शुरू हुआ जब अप्रैल में खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया कि सीएम सरमा की पत्नी के पास भारत, यूएई और मिस्र के तीन पासपोर्ट हैं और दुबई में अघोषित लग्जरी संपत्तियाँ तथा अमेरिका के वायोमिंग में एक कंपनी है। सरमा परिवार ने इन दावों को सख्ती से खारिज करते हुए इन्हें पाकिस्तानी सोशल मीडिया समूहों द्वारा प्रसारित एआई–जनित फर्जी दस्तावेज बताया। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने खेड़ा को अग्रिम जमानत दी थी। अदालत ने कहा कि आरोप और प्रत्यारोप राजनीतिक रूप से प्रेरित प्रतीत होते हैं और इस चरण में हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता नहीं है। न्यायालय ने निर्देश दिया कि गिरफ्तारी की स्थिति में खेड़ा को अग्रिम जमानत पर रिहा किया जाए, बशर्ते वे जांच में पूरा सहयोग करें। खेड़ा ने सुप्रीम कोर्ट का रुख तब किया जब 24 अप्रैल को गुवाहाटी हाईकोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# दिल्ली में स्लीपर बस के अंदर महिला से सामूहिक बलात्कार, आप ने कहा-निर्भया कांड की पुनरावृत्ति

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली में एक स्लीपर बस के अंदर चालक और परिचालक ने एक महिला के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि 11 मई की रात को हुई इस घटना के संबंध में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली पुलिस ने अब तक इस घटना पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। विपक्षी आम आदमी पार्टी (आप) ने इस घटना की तुलना 2012 के निर्भया सामूहिक बलात्कार–हत्या कांड से की और इसे 'बड़ी शर्मिंदगी' बताया। सूत्रों ने बताया कि महिला के बयान के आधार पर 12 मई को प्राथमिकी दर्ज की गई। एक पुलिस सूत्र ने कहा, 'आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।' उन्होंने यह भी बताया कि बस को जब्त कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, महिला एक फैक्ट्री में काम करने के बाद घर लौट रही थी और जब वह सरस्वती विहार में बी–ब्लॉक बस स्टैंड के पास पहुंची, तो उसने एक आरोपी को बस के



दरवाजे के पास खड़ा देखा और उससे समय पूछा। इसके बाद आरोपी ने कथित तौर पर उसे बस के अंदर खींच लिया और उसके साथ बलात्कार किया। आप की दिल्ली इकाई के प्रमुख सौरभ भारद्वाज ने श्एक्सश पर एक पोस्ट में इस घटना की निंदा की। उन्होंने कहा, 'बड़ी शर्म की बात है, निर्भया की पुनरावृत्ति। समय पूछने के बहाने रात में बस में 30 वर्षीय महिला को उठाया गया। फिर चलती बस में करीब 2 घंटे तक कई लोगों ने उसके साथ बलात्कार किया। बस दिल्ली के रानी बाग इलाके में 7 किलोमीटर तक घूमती रही।'

# लाल किला कार विस्फोट कांड, एनआईए ने डॉ. शाहीन सईद समेत 10 आरोपियों के खिलाफ दाखिल किया 7,500 पन्नों का चार्जशीट

(एजेंसी) नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने लाल किला इलाके में कार बम विस्फोट मामले में 10 आरोपियों के खिलाफ 7,500 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पिछले वर्ष 10 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी को दहला देने वाले इस उच्च तीव्रता के विस्फोट में 11 लोगों की मौत हुई थी, कई लोग घायल हुए थे और बड़े पैमाने पर संपत्ति को नुकसान पहुंचा था। एनआईए द्वारा जारी बयान के अनुसार, मुख्य आरोपी डॉ. उमर उन नबी (मृत) समेत सभी 10 आरोपी अंसार गजवत–उल–हिंद से जुड़े थे, जो भारतीय उपमहाद्वीप में अल–कायदा (एक्यूआईएस) का एक सहयोगी संगठन है। आरोपपत्र यहां पटियाला हाउस कोर्ट स्थित एनआईए की विशेष अदालत में दाखिल किया गया। गृह मंत्रालय ने जून 2018 में एक्यूआईएस और उससे जुड़े सभी संगठनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया था। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि एनआईए ने वैज्ञानिक और फोरेंसिक जांच के जरिए एक बड़े जिहादी षड्यंत्र का पर्दाफाश किया। जांच में पाया गया कि कुछ कट्टरपंथी बने चिकित्सा पेशेवरों सहित आरोपी एक्यूआईएस,अंसार गजवत– उल– हिंद की विचारधारा से प्रेरित होकर इस घातक हमले को अंजाम देने में शामिल थे। आरोपपत्र गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967य



भारतीय न्याय संहिता, 2023य विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 1908य शस्त्र अधिनियम, 1959य और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 की संबंधित धाराओं के तहत दाखिल किया गया है। बयान में कहा गया है कि पुलवामा निवासी डॉ. उमर उन नबी के खिलाफ आरोप समाप्त करने का प्रस्ताव रखा गया है, जो आत्मघाती हमले में मारा जा चुका है। वह हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल–फलाह विश्वविद्यालय में मेडिसिन विभाग का पूर्व सहायक प्रोफेसर था। एनआईए के अनुसार, आरोपपत्र में डॉ. नबी के अलावा आमिर राशिद मीर, जासिर बिलाल वानी, डॉ. मुजम्मिल शकील, डॉ. आदिल अहमद राथर, डॉ. शाहीन सईद, मुफ्ती इरफान अहमद वागे, सोयाब, डॉ. बिलाल नसीर मल्ला और यासिर अहमद डार के नाम शामिल हैं। एनआईए के बयान के अनुसार, 2022 में श्रीनगर में हुई एक गुप्त बैठक में आरोपियों ने तुर्किये के रास्ते अफगानिस्तान जाने की नाकाम हिजरत (पलायन) कोशिश के बाद अंसार गजवत–उल–हिंद संगठन का पुनर्गठन कर उसे अंसार गजवत–उल–हिंद अंतरिम नाम दिया। बयान में कहा गया कि इस नए संगठन के बैनर तले आरोपियों ने ऑपरेशन हेवनली हिंद शुरू किया, जिसका उद्देश्य लोकतांत्रिक रूप से स्थापित भारत सरकार को उखाड़ फेंकना और शरीयत शासन लागू करना था। एनआईए की जांच में खुलासा हुआ कि इस अभियान के तहत आरोपियों ने नए सदस्यों की भर्ती की, अंसार गजवत–उल–हिंद की हिंसक जिहादी विचारधारा का सक्रिय प्रचार किया, हथियार और गोला–बारूद जमा किए तथा बाजार में आसानी से उपलब्ध रसायनों का उपयोग कर बड़े पैमाने पर विस्फोटक तैयार किए। एजेंसी ने कहा कि जांच में पता चला कि आरोपियों ने विभिन्न प्रकार के आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) भी तैयार किए और उनका परीक्षण किया। आतंकवाद रोधी एजेंसी के अनुसार, विस्फोट में इस्तेमाल किया गया विस्फोटक ट्राइएसीटोन ट्राइपेरॉक्साइड (टीएटीपी) था, जिसे आरोपियों ने आवश्यक रासायनिक सामग्री जुटाकर और विस्फोटक मिश्रण को परिपूर्ण बनाने के लिए प्रयोग करने के बाद गुप्त रूप से तैयार किया था। यह आरोपपत्र जम्मू कश्मीर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और दिल्ली–एनसीआर क्षेत्र में फैली व्यापक जांच पर आधारित है। बयान में कहा गया है कि इसमें 588 मौखिक गवाहियां, 395 से अधिक दस्तावेज और 200 से ज्यादा जब्त सामग्री साक्ष्य के रूप में शामिल हैं। दिल्ली पुलिस से मामला अपने हाथ में लेने वाली एनआईए ने डीएनए फिंगरप्रिंटिंग के जरिए मृत आरोपी डॉ. उमर उन नबी की पहचान स्थापित की थी। जांच के दौरान अपराध स्थल के साथ–साथ फरीदाबाद स्थित अल–फलाह विश्वविद्यालय और जम्मू कश्मीर में आरोपियों द्वारा बताए गए विभिन्न स्थानों से जुटाए गए साक्ष्यों की गहन फोरेंसिक जांच, आवाज विश्लेषण आदि किए गए।एनआईए जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी एके–47 राइफल, क्रिंकोव राइफल और कारतूसों के साथ देशी पिस्तौल जैसे प्रतिबंधित हथियारों की अवैध खरीद में भी शामिल थे। बयान के अनुसार, आरोपियों ने जम्मू कश्मीर और देश के अन्य हिस्सों में सुरक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के उद्देश्य से रॉकेट और ड्रोन से लगाए जाने वाले आईईडी का भी परीक्षण किया था। जांच में यह भी पता चला कि आरोपियों ने एमएमओ एनोड, इलेक्ट्रिक सर्किट और स्विच जैसे विशेष उपकरणों सहित प्रयोगशाला सामग्री विभिन्न ऑफलाइन और ऑनलाइन स्रोतों से खरीदी थी। बयान में कहा गया कि आरोपियों की योजना देश के अन्य हिस्सों में भी अपने नेटवर्क और गतिविधियों का विस्तार करने की थी। इस मामले में अब तक कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एनआईए उन फरार आरोपियों की तलाश में भी जुटी है, जिनकी भूमिका जांच के दौरान सामने आई है।

# ऑनलाइन गेमिंग पर ईडी का बड़ा एक्शन, दिल्ली से श्रीनगर तक की ताबड़तोड़ छापेमारी

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वीरवार को ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े कथित विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में दिल्ली स्थित एक कंपनी और उससे संबंधित संस्थाओं के खिलाफ कई राज्यों में छापेमारी की। उन्होंने बताया कि जिगार्ड टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ चल रही जांच के सिलसिले में दिल्ली, गुजरात, मध्य प्रदेश के इंदौर और जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में करीब 14 लोगों और कंपनियों के ठिकानों पर छापे मारे गए। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत की गई। ईडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया के लिए कंपनी से संपर्क नहीं हो सका। अधिकारियों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी ने उन सूचनाओं के आधार पर जांच शुरू की थी, जिनमें आरोप लगाया गया था कि जिगार्ड टेक्नोलॉजीस ने ऑनलाइन गेमिंग गतिविधियों के लिए कुछ लोगों से पेमेंट एग्रीगेटर्स (ऑनलाइन भुगतान से जुड़े मंच) के जरिए धन जुटाया। ईडी अधिकारियों ने आरोप लगाया कि यह धन कथित तौर पर विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से भेजा गया, जिनमें श्हैप्पी ईजीगोश भी शामिल है और बाद में वॉलेट रिचार्ज तथा एयरलाइन संबंधी लेनदेन की आड़ में विदेशों में धन प्रेषित किया गया, जो फेमा के प्रावधानों का उल्लंघन है। केंद्र सरकार ने अगस्त 2025 में भारत में ऑनलाइन मनी गेमिंग पर प्रतिबंध लगा दिया था।

# सम्पादकीय

## प्रधानमंत्री ने स्वयं पेश की नई मिसाल

एक ऐसे समय में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इज़राइल–ईरान संघर्ष से उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच देशवासियों से सादगी अपनाने की अपील की है डीजल–पेट्रोल की बचत करने, एक वर्ष तक सोना न खरीदने, गैर–जरूरी विदेशी यात्राओं को टालने और सार्वजनिक परिवहन या कारपूलिंग अपनाने का आग्रह किया है तो उसी समय मध्य प्रदेश में उनकी अपनी पार्टी के नेता सड़कों पर बिल्कुल उल्टा संदेश देते दिखाई दे रहे हैं। तो वहीं मैं नफीस जाफरी अब चर्चा करता हूं प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी द्वारा पेश की गई मिसाल की तो गौरतलब है कि सुरक्षा, सुविधा और सरकारी खर्च में कटौती के मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई मिसाल पेश की है।



नफीस जाफरी

देशवासियों से अपील के बाद, अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने काफिले को महज दो गाड़ियों तक सीमित कर दिया है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि मिडिल ईस्ट तनाव की वजह से गहराए ऊर्जा संकट को देखते हुए प्रधानमंत्री ने ईंधन बचाने के लिए नेताओं से अपने काफिले में वाहनों की संख्या घटाने की अपील की थी। ऐसे में प्रधानमंत्री ने खुद इस मामले में बड़ी पहल की है। बीते बुधवार को सामने आए वीडियो में एक कार में प्रधानमंत्री सवार दिखे और दूसरी कार में एसपीजी कर्मी थे। इस दौरान एसपीजी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए प्रधानमंत्री के सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब कैबिनेट बैठक के लिए पहुंचे थे, तब उनके काफिले में सिर्फ चार गाड़ियां ही थीं। यहां यह बताते चलें कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा एसपीजी के हाथों में होती है। आमतौर पर उनके सुरक्षा काफिले में 30 से 35 गाड़ियां होती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफिले को दिल्ली पुलिस का कार लीड करती है और रास्ता क्लियर करती हुई चलती है। एसपीजी की कार, एनएसजी कमांडोज की कार और अन्य सुरक्षा अधिकारी भी काफिले में चलते हैं। एसपीजी की पायलट कार खतरों की एडवांस उपकरणों के साथ स्कैनिंग करती है। उनके काफिले में जैमर कार, एंबुलेंस वगैरा भी होती हैं। खबरें आई थीं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एसपीजी से अपने आधिकारिक काफिले में वाहनों की संख्या घटाकर आधी करने को कहा था। काफिले में इलेक्ट्रिक कारों की संख्या बढ़ाने की भी सलाह दी थी। इसके बाद ये नया वीडियो चौंकाने वाला है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महज एक सुरक्षा कार के साथ सफर करते नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने ईंधन बचाने के उद्देश्य से लोगों से निजी वाहनों का इस्तेमाल घटाने की अपील की है। पेट्रोल–डीजल की बचत और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए उन्होंने इलेक्ट्रिक कारों का प्रयोग बढ़ाने की सलाह दी है। इसके बाद तमाम राज्यों के मुख्यमंत्रियों, नेताओं और अन्य पदाधिकारियों ने सरकारी कामकाज में भी पर्सनल वाहनों में कटौती का ऐलान किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी छोटे काफिले के साथ देखे गए।

# नेहरू, शास्त्री और इंदिरा के रास्ते पर नरेंद्र मोदी



गुलफिशा खान

जैसा कि सर्वविदित है कि बीत दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 घंटे में दूसरी बार देशवासियों से सोना न खरीदने और पेट्रोल–डीजल बचाने की अपील की थी। वड़ोदरा में सरदारधाम हॉस्टल का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमें उन चीजों का इस्तेमाल कम करना चाहिए जो विदेशों से आता है और ऐसी गतिविधियों से बचना चाहिए, जिसमें विदेशी मुद्रा खर्च होती है। 24 घंटे में प्रधानमंत्री मोदी की यह दूसरी अपील है। इससे पहले रविवार को हैदराबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक संकट के बीच पहली बार सोना न खरीदने, पेट्रोल–डीजल का इस्तेमाल कम करने और विदेश यात्रा पर न जाने की अपील की थी। गौरतलब है कि मिडिल ईस्ट में चल रहे संकट का असर भारत पर भी पड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस संकट की घड़ी में देशवासियों से अपील की है कि वे पेट्रोल–डीजल को बचाने की कोशिश करें। लेकिन ऐसा पहली बार नहीं है जब किसी प्रधानमंत्री ने देशवासियों से ऐसी अपील की हो। इतिहास गवाह है कि जब–जब भारत पर संकट के बादल मंडराए हैं, तब–तब देश के प्रधानमंत्रियों ने सरकारी खजाने से ज्यादा देशवासियों के संकल्प पर भरोसा जताया है। कभी नेहरू की एक वक्त का खाना छोड़ने की अपील थी, तो कभी शास्त्री का सोमवार का उपवास जो पूरे राष्ट्र का सामूहिक व्रत बन गया। आज 2026 में मिडिल ईस्ट संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से एक साल तक सोना न खरीदने का आह्वान किया है। इस आलेख के माध्यम से आइए बताते हैं किस प्रधानमंत्री ने कब ऐसी अपील की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि नागरिक एक साल तक सोना न खरींदे। ऐसा संकल्प लें कि कुछ भी आयोजन हो हम सोना नहीं खरीदेंगे। सोना खरीदने से हमारे रिजर्व फॉरेक्स




यानी विदेशी मुद्रा पर असर पड़ता है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेट्रोल–डीजल के कम इस्तेमाल की भी अपील की। उन्होंने वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन क्लासेस जैसे विकल्पों को लागू करने का सुझाव दिया। इसी के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिको से मेट्रो, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, इलेक्ट्रिक व्हीकल और काल पूलिंग का इस्तेमाल करने के लिए कहा। वहीं इससे पूर्व देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने भी साल 1951 में संकट के समय देशवासियों से कई अपीलें कीं थी। पीएम नेहरू ने संकट के समय जनता से योगदान देने और सादगी बरतने की अपील की थी। मई 1951 में अकाल या भोजन की कमी से निपटने के प्रयासों के दौरान, उन्होंने अपने संदेशों में सुझाव दिया कि लोग हते में एक बार का भोजन त्यागकर संकट के समय देश की मदद करें। इसके अलावा 1962 के युद्ध के समय भी च्ड नेहरू ने नागरिकों से अपील की कि वे नेशनल डिफेंस फंड में सोना और गहने दान करें, ताकि सरकार विदेशी मुद्रा भंडार को कम किए बिना हथियार और साजो–सामान खरीद सके। इंदिरा गांधी ने अपने निजी गहने छक्थ् में दान कर दिए। इस दौरान कितना सोना दान किया गया इसकी जानकारी उपलब्ध नहीं है। वहीं 1965 के भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने देश से अपील की कि वे एक दिन का उपवास रखे।. ऑल इंडिया रेडियो पर संबोधित करते हुए शास्त्री ने लोगों से कहा कि वे हते में कम से कम एक बार का भोजन त्यागें। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी 1971 के युद्ध के दौरान देशवासियों से खास अपील की थी. इस युद्ध ने और बांग्लादेश से आए शरणार्थियों के संकट ने भारत के खजाने पर भारी दबाव डाल दिया था। इसे लेकर इंदिरा गांधी ने अपील करते हुए कहा, इन सब बातों से हम पर भारी जिम्मेदारियां आ गई हैं और अब कड़े राष्ट्रीय अनुशासन की सख्त जरूरत है। हमें कई बलिदान देने होंगे। हमारी फैक्टरियों और खेतों में उत्पादन बढ़ना चाहिए। हमारी रेलगाड़ियां और हमारी पूरी परिवहन और संचार व्यवस्था बिना किसी रुकावट के काम करनी चाहिए. यह क्षेत्रीय या गुटीय हितों के टकराव का समय नहीं है। हमारी आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक ताने–बाने को बनाए रखने और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए हर चीज को कम महत्वपूर्ण मानना होगा। मैं हर नागरिक, हर पुरुष, महिला और बच्चे से अपील करता हूं कि वे सेवा और बलिदान की उस भावना से ओत–प्रोत हो जाएं, जिसके लिए यह राष्ट्र पूरी तरह सक्षम है।

# टीएमसी मे हार के बाद शुरू हुई रार!



फ़रीद वारसी

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों में से एक डोमकल है. यहां तृणमूल की हार के बाद, अपने फ़ायदे की पॉलिटिक्स शुरू हो गई है। प्रधान (गांव पंचायत) समेत कई सदस्य अब सत्ता बचाने के लिए पार्टी बदलने की राह पर हैं। तृणमूल छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने वाले नेताओं के रातों–रात तृणमूल छोड़ने को लेकर पॉलिटिकल गलियारों में काफ़ी हलचल मची हुई है। वहीं ताना मारा जा रहा है, सत्ता जाने पर विचार गायब हो जाते हैं– यही तृणमूल का असली चरित्र है। 4 मई को विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से ही पूरे राज्य में पॉलिटिकल इक्वेशन बदलने लगे हैं। डोमकल में भी यही तस्वीर है। जो लोग अब तक तृणमूल का झंडा उठाए हुए थे, वे अब कांग्रेस के मंच पर हैं। और इस जुड़ाव को लेकर बड़ा सवाल उठ रहा है। क्या यह आइडियोलॉजी की लड़ाई है, या सिर्फ़ अपनी कुर्सी और असर बचाने की एक हताश कोशिश?बहरहाल, वहीं अब बात पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों में शर्मनाक हार के बाद टीएमसी की तो मालूम हो कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के चुनाव हारने के बाद इस बात पर बहस छिड़ गयी है कि हार का सबसे बड़ा कारण क्या था? पश्चिम बंगाल की राजनीति के जानकार अपने अनुभव से कह सकते हैं कि पिछले पंद्रह साल की ऐंटी इन्कमबेंसी या सत्ता विरोधी लहर, भ्रष्टाचार, पार्टी कार्यकर्ताओं की मनमानी और मुस्लिम तुष्टिकरण कारण हो सकते हैं, मगर जब आप तृणमूल कांग्रेस के नेताओं से बात करते हैं तो वो आईपैक को हार का ज़िम्मेदार मानते हैं। गौरतलब है कि आईपैक और तृणमूल कांग्रेस का नाता 2021 से रहा। तब आईपैक की के प्रमुख प्रशांत किशोर होते थे। तब आईपैक ने ममता बनर्जी का पूरा कैंपेन डिजाइन किया था और उन्हें घोरे मेय यानी घर की बेटी कहा और पूरे चुनाव को तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में कर दिया। मगर प्रशांत किशोर के आईपैक छोड़ने के बाद भी अभिषेक बनर्जी ने इस संस्था को बंगाल में रखने का फैसला किया और पूरे पांच साल का अनुबंध किया। अब अभिषेक बनर्जी



के इस निर्णय पर तृणमूल कांग्रेस के सांसद खुल कर बोल रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने तो बंगाल की हार के लिए आईपैक को दोषी ठहराया और यह भी कहा कि अभिषेक बनर्जी की आईपैक पर अत्यधिक निर्भरता ने तृणमूल कांग्रेस को डूबो दिया। कल्याण बनर्जी आगे कहते हैं कि आईपैक के एक बड़े व्यक्ति को गिरतार किया गया और उसने तृणमूल कांग्रेस के सभी संवेदनशील डाटा भाजपा को सौंप दिया। वहीं मालदा से तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक .ष्णेंदु नारायण चौधरी का कहना है कि मैं तीन बार विधायक रहा मगर कभी आईपैक की मदद नहीं ली। आईपैक ने पार्टी की रीढ़ की हड्डी तोड़ दी। आप क्या पहनेंगे? आप कहां जाएंगे? आप कौन सा मंदिर जाएंगे? कितनी बार जाएंगे? सब कुछ आईपैक का कोई बच्चा आपको बता रहा होगा। यही नहीं आपको धमकी भी दी जाती कि आपकी शिकायत अभिषेक बनर्जी से कर दी जाएगी। आईपैक वालों ने टिकट दिलाने के नाम पर पैसे लिए। पार्टी आलाकमान हमारी सुन नहीं रहा था। पार्टी का पूरा ढांचा ही बदल गया था। चुनाव का नतीजा इसी बात का आईना है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता जो अभी पार्टी से निलंबित हैं रिजु दत्ता का कहना है कि तृणमूल कांग्रेस के हार की दोषी आईपैक ही है। इन्होंने ममता बनर्जी और अभिषेक को मूर्ख बनाया। आईपैक की वजह से ममता बनर्जी हारीं और अभिषेक पर मुकदमा हुआ। आईपैक की वजह से ही ममता बनर्जी पर मुकदमा हुआ। अब चुनाव के बाद आईपैक के डायरेक्टर आजाद घूम रहे हैं और विदेश में छुट्टियां मना रहे हैं। पार्टी को आईपैक को गिरवी रख दिया गया था। यहां तक कि आईपैक के नीचे के कर्मचारियों का कहना है कि वे अपनी रिपोर्ट में पार्टी की हालत खराब होने और हारने तक की बात कह रहे थे मगर पैसे की लालच में ये रिपोर्ट ऊपर भेजी नहीं जा रही थी। इन तीनों नेताओं की बात से यह साफ हो गया कि आईपैक को लेकर तृणमूल कांग्रेस के नेताओं में कितना गुस्सा है और वो हार का कारण इसी संस्था को मानते हैं। मगर सवाल वही है कि तृणमूल कांग्रेस की हार की ज़िम्मेदारी एक संस्था पर थोपना कहां तक ठीक है? क्या तृणमूल कांग्रेस के नेता अभी भी हार के असली कारणों से मुंह फेर रहे हैं? आईपैक को दोष दे कर तृणमूल कांग्रेस के नेता अपनी सरकार की गलतियों को ढक नहीं सकते। तृणमूल कांग्रेस को आत्मचिंतन की जरूरत है और फिलहाल सशक्त विपक्ष बनने की तभी पार्टी फिर से पटरी पर आ सकती है। हालांकि इसी आईपैक ने ममता बनर्जी को 2021 का विधानसभा और 2024 का लोकसभा चुनाव जिताया। वहीं आईपैक की वेबसाइट पर एक दर्जन चुनावों का जिक्र है जिसमें अधिकतर में आईपैक चुनाव जीतने का दावा करती है। हां बंगाल में ममता बनर्जी की हार का यह नतीजा हुआ कि बाजार में आईपैक के भाव गिर गए हैं और कहा जा रहा है कि उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव ने आईपैक से अनुबंध तोड़ दिया है।

# विधानसभा चुनावों के परिणाम से विपक्षी दलों पर धुंध छाई

अजय दीक्षित

पश्चिमी बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पांडिचेरी के विधानसभा चुनाव के परिणाम को लेकर विपक्ष में भ्रम की स्थिति है क्योंकि कांग्रेस सहित अनेक विपक्षी दलों को लगता है कि भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव हारना काफी मुश्किल है। राजनीतिक विश्लेषकों आशुतोष, जयंत घोषाल, राजीव रंजन,का मानना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद हुए विधानसभा चुनाव में हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र,बिहार, असम, उड़ीसा, और अब पश्चिमी बंगाल में जिस तरह भारतीय जनता पार्टी ने एक तरफा जीत हासिल की है उससे तो लगता है कि 2029 लोकसभा चुनाव का रास्ता उसके लिए साफ हो गया है क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र, पश्चिमी बंगाल, उत्तर प्रदेश, हरियाणा,में भारतीय जनता पार्टी का प्रदर्शन 240 सीट पर आकर टिक गया था। लेकिन अब वह बात नहीं क्योंकि पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनाव जीतने बाद उसकी 42 लोकसभा सीट पर उसे अब आसानी होगी। आशुतोष कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी और अन्य पार्टियां में आइडियोलॉजी का फर्क है। भाजपा चुनाव इस लिए लड़ती है कि वह आरएसएस और अपनी एजेंडे को लागू कर सके चाहे वह अनुच्छेद 370 का मामला हो या राममंदिर का मसला, ।अब भाजपा के समक्ष बांग्लादेशी घुसपैठ, कॉमन सिविल कोड, जैसे बड़े मामले है । जिसमें एक सीट परिसीमन, महिला आरक्षण संबंधी विधेयक संसद से पारित कराने है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने अनुसार एक बृहद शिक्षा नीति बनाना चाहता है। दूसरी ओर विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है क्योंकि वे सरकार में सत्ता करने वाला खेल खेलते हैं। यद्यपि दक्षिण भारत में तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना में अलग अलग पार्टियों का शासन है लेकिन उनके पास भी हिंदी ब केंद्रीय सरकार का मुद्दा है क्योंकि वे चाहते हैं कि भारत लोकतांत्रिक देश में राज्यों की भूमिका अधिकतर तथ्यों में है ।वे रक्षा, वित्त, दूरसंचार,विदेश मामलों तक केंद्रीय सरकार को जिम्मेदार बनाते हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय भूमिका की पक्षधर है। राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस की सरकार आजादी के बाद लगभग साठ साल रही लेकिन उद्देश्य पूर्ण कार्य जवाहरलाल नेहरू, श्री मति इंदिरा गांधी,ने किया बाद में नरसिंह राव सरकार ने भी उदारीकरण नीति बनाई जिससे देश का वित्तीय विकास हुआ , रोजगार का सृजन हुआ। लेकिन उसके बाद अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने भारतीय जनता पार्टी सरकार की नींव रखी थी जिसमें दक्षिण पंथी विचारों को अपनाया गया। लेकिन 2004से ,2014 तक मनमोहन सिंह सरकार ने उद्देश्य हीन ही सरकार चलाई जिसमें भ्रष्टाचार का बोलबाला था। राज्यों में जैसे पश्चिमी बंगाल में 37 साल लेफ्ट पार्टियों की सरकार रही थी उस कालखंड में कोलकाता, पूरे राज्य का ओद्योगिक ढांचा समाप्त हो गया था।टीएमसी ने 15 वर्ष उसे खड़ा करने कोई प्रयास नहीं किया ।जुट उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ। इस प्रकार बीएसपी की उत्तर प्रदेश में 2002 से 2007 तक बिना किसी उद्देश्य के चली । बाद में समाजवादी पार्टी की सरकार 2007से 2012 तक भी कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं हुआ । भारत के राज्यों में गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, मध्य प्रदेश, राजस्थान,ने उल्लेखनीय कार्य किया। कांग्रेस, ,बीजेडी, डीएमके, तुड़मूल कांग्रेस, सपा , टीवीके, आप, एआईडीएमके, राजेडी, सीपीई, सीपीएम, टीआरएस, सहित अनेक पार्टियां ऐसी है कि कुनवा चला रहा है । इन पार्टियां ने मुस्लिम तुष्टिकरण को हवा दी है। जिसमें सपा, डीएमके, तुड़मूल , कांग्रेस, राजद, ने तो मुसलमानों को जैसे वोट बैंक ही बनाया।। इन पार्टियां के प्रमुखों ने अकूत संपत्ति अर्जित की है। 2027 में उत्तर प्रदेश,पंजाब, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव होने है ।जिसमें से हिमाचल प्रदेश को छोड़कर सभी राज्यों में भारतीय जनता पार्टी सरकारें है।

# तमिलनाडु : थलपति विजय की क्वांटम लीप

डॉ. सुधीर सक्सेना

क्वांटम लीप वैज्ञानिक शब्दावली का टर्म है, लेकिन यदि भारतवर्ष की बीती अर्द्धशती की राजनीति का सिंहावलोकन करें तो इस टर्म को दक्षिण भारत की राजनीति के सन्दर्भ में बाखूबी प्रयुक्त किया जा सकता है। दक्षिण भारत के मतदाताओं में सिने–कलाकारों के प्रति गजब का क्रेज है और वहां लंबी नीहारिका है, जिसने राजनीति में चमकीली सफलता अर्जित की। एनटी रामाराव, एमजी रामचंद्रन, जयललिता, करूणानिधि और पवन कल्याण की फेहरिस्त में अब एक नया नाम आ जुड़ा है। यह नाम है विजय थलपति का, जो सिने–स्टारडम से लंबी छलांग लगाकर तमिलनाडु जैसे महत्वपूर्ण प्रांत के मुख्यमंत्री की कुर्सी तक जा पहुंचे हैं। थलपति यानि कमांडर के नाम से विख्यात विजय का पूरा नाम है जोसेफ विजय चंद्रशेखर। अगले माह 22 जून को वह अपने जीवन के बावन वर्ष पूरे कर लेंगे। उनके पिता एसए चंद्रशेखर ईसाई हैं और मां शोभा हिन्दु। यह इसी पृष्ठभूमि का प्रभाव है कि वह मंदिर भी जाते हैं और चर्च भी, साथ ही उन्हें मस्जिद और दरगाह जाने में कोई संकोच नहीं होता। तमिल–सिनेमा से उनका नाता इस नाते पुराना है कि उनके पिता सिने निर्देशक रहे हैं और कांग्रेस के प्रति उनकी रूझान रही है। चेन्नै में जनमे विजय की पढ़ाई भी स्थानीय लोयोला कॉलेज में हुई और उन्होंने शुरूआती डेढ़ दो दशक तक अपना ध्यान पूरी तौर पर फिल्मों पर केंद्रित किया। इसके बाद वह सार्वजनिक जीवन की ओर मुड़े और फैन क्लबों के जरिये उन्होंने सधे हुये कदमों से वह यात्रा शुरू की, जिसकी परिणति चार मई, 26 को उनकी आशातीत राजनीतिक सफलता और उपलब्धि में हुई। थलपति विजय आज तमिल सिनेमा की सफलतम और शीर्षस्थ कमाऊ सितारों की सूची में शुमार हैं। वह अब तक 69 फिल्मों में लीड–भूमिकाओं में आ चुके हैं और फिल्म में उनकी मौजूदगी टिकट खिड़की पर सफलता की गारंटी मानी जाती है। यदि उनके जीवन–वृत्त को खंगालें तो दिलचस्प तौर पर पिता के प्रोत्साहन और प्रेरणा पर उन्होंने अपना सिनेमाई सफर सन 1984 में तमिल फिल्म वेट्री में बाल कलाकार के तौर पर किया। पिता द्वारा निर्देशित कुछ फिल्मों में बाल भूमिकाएं निभाने के उपरांत 18 वर्ष की वय में 1992 में उन्हें नालैया थीर्पु में नायक की भूमिका निभाने का मौका मिला। तदंतर पूर्व उनक्कगा, लव टुडे, कडलुक्कू मरियाधई, थुल्लथ, मानामम थुल्लम, कुशी, प्रियम्मनावले और फ्रेंड्स आदि ने एक दशक में उन्हें तमिल सिने उद्योग में शिखर पर पहुंचा दिया। इसके बाद के ढाई दशक रूपहले पर्दे पर उनकी धूम की दहाई थी। वह तमिल सिने दर्शकों की पहली पसन्द बनकर उभरे। अंततरू सन 2024 में उन्होंने सिनेमा को सायोनारा कह दिया और राजनीति उनका पहला प्रेम बनकर उभरी। दिलचस्प बात है कि इसी साल आई उनकी फिल्म का टाईटिल था ग्रेटेस्ट आफ आल टाइम। मगर उनकी अंतिम फिल्म जन नायगान का रिलीज होना अभी शेष है। फरवरी, सन 2024 में विजय ने अपनी नयी पार्टी लाँच की। द्रविड़ पार्टियों के वर्चस्व की अर्द्धशती के परिप्रेक्ष्य में यह एक साहसिक कदम था, लेकिन यह साहस उन्हें फला। नयी पार्टी का उन्होंने नाम रखा तमिलगा वेट्री कझगम। बताते हैं कि वह विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन के इच्छुक थे। इसके वास्ते उन्होंने राहुल गांधी से भेंट व चर्चा भी की थी, लेकिन द्रमुक से जारी गठबंधन और स्थानीय ईकाई के परामर्श से वह ऐसा करने से हिचक गये। फलतरू कांग्रेस और टीवीके मेल सिरे नहीं चढ़ा। यह सोचना भ्रामक होगा कि थलपति की सियासी सफलता दो वर्ष की सक्रियता का नतीजा है। इसके पीछे बिलाशक उनके फैन क्लबों की गतिविधियों का हाथ है। थलपति ने सन 2009 में अपने फैन क्लब विजय मक्काल इयक्कम की नींव डाली थी। समय के साथ ये फैन क्लब समूचे तमिलनाडु में ओरछोर फैल गये। इन क्लबों ने राहत कार्यों, शिक्षण, प्रशिक्षण और चौरिटी का काम हाथ में लिया। इसने उनकी सिनेमाई छवि में हातिमताई के रंगे भरे। आपदा पीड़ितों के लिये दरवाजे और थैलियां खोलने ने जननायक की संवदेनशील छवि अर्जित करने में मदद की। इसके बावजूद जब–तब उनकी सियासत में रूचि और रूझान सामने आती रही। सन 2011 के चुनाव में उन्होंने अन्नाद्रमुक–नीत गठबंधन को समर्थन दिया। सन 2019 में उन्होंने नागरिकता अधिनियम का यह कहकर विरोध किया कि इससे सामाजिक–धार्मिक सौमनस्यता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। सन 2022 में उनके फैन क्लब के सदस्यों ने निकाय चुनावों में शिरकत की और 115 सीटों पर सफलता पाई। उनकी बढ़ती लोकप्रियता प्रमाण 27 सितंबर, 2025 को करूर में तब मिला, जब उनकी रैली में भगदड़ से 41 लोगों की जानें गयीं। इस पर उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त की और हताहतों के लिये धनराशि वितरित की ।थलपति विजय की खूबी है कि उन्होंने करीब 85000 फैन क्लबों की मजबूत चुनावी मशीनरी में बदल दिया है। ये क्लब उन्हें कार्यकर्ता, चुनावी भीड़ और समर्थक तो जुटाते ही हैं, उनकी नायक की छवि में निर्मित करते हैं। जब वह भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति की बात करते हैं तो यह छवि उसमें सहायक होती है। उनकी यह इमेज़ दक्षिण भारतीय मतदाताओं की सितारों के प्रति नैसर्गिक चाहत को पोसती है। मान सकते हैं कि सन 2011 में जयललिता को समर्थन की परिणति ने उनके मन में सियासत में शिरकत का बिरवा रोपा था। बहरहाल, ताजा चुनाव में टीवीके की 108 सीटों पर कामयाबी से वह नया इतिहास रचने में सफल रहे हैं। उन्होंने स्वयं दो सीटों पेरांबूर और त्रिची ईस्ट से चुनाव लड़ा और विजयी रहे। यह भी तय है कि बहुमत से कुछ सीटों का फासला पूरने में वह सफल होंगे। तयशुदा है कि दोनों लेफ्ट पार्टियां भी उन्हें समर्थन देंगी। नतीजों के बाद वह राजभवन जाकर सरकार बनाने का दावा जता चुके हैं। कांग्रेस ने समर्थन के साथ यह शर्त जरूर नत्थी की है कि विजय सांप्रदायिक ताकतों से दूरी बरतेंगे, संवैधानिक मूल्यों का पान करेंगे, थंथाई पेरियार के सामाजिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता रखेगें और पेरूंथ लैवर कामराज के गौरवशाली दिनों की वापसी के लिये जतन करेंगे। जहां तक विजय के विचारों की बात है वह स्पष्ट कर चुके हैं कि द्रमुक उनकी राजनीतिक बैरी है और बीजेपी वैचारिक शत्रु। चुनाव प्रचार के दरम्यान उन्होंने इतनी अधिक लोकलुभावन घोषणायें की हैं कि वित्तीय कारणों से उन्हें अमल में लाना कठिन होगा। तमिल मतदाताओं को उनसे उम्मीद इस नाते है कि वह फैन क्लबों के जरिये मुफ्त कैंटीन, कंप्यूटर वितरण, ब्लड डोनेशन और राहत कार्यों का अभियान चलाते रहे हैं। मीडिया की चकाचौंध से बचने के लिये बाज वक्त वह रूमाल से चेहरा ढंककर अथवा दुपहिया वाहन पर बैठकर घटना स्थल पर गये। वह राहुल गांधी ही नहीं अन्ना हजारे और नरेन्द्र मोदी से भी मिल चुके हैं। वह करूणानिधि और एमजीआर के प्रशंसक हैं। सामाजिक न्याय उनके लिए मायने रखता है। कम ही लोगों को ज्ञात होगा कि वह कुशल और पुरस्कृत गायक हैं और इलैयाराजा और एआर रहमान तक के लिए गा चुके हैं। हां, उनका निजी जीवन विवाद और नुक्ताची का शिकर रहा है। उन्होंने सन 1999 में संगीता सोर्नालिंगम से शादी की थी, जो श्रीलंका में जनमी ब्रिटिश तमिल युवती थीं। संगीता ने गत वर्ष उनसे तलाक की अर्जी लगाई है, अलबत्ता उनकी दोनों संतानों से उनके रिश्तों को इससे बूझा जा सकता है कि उनका पुत्र जेसन संजय और पुत्री दिव्या साशा उनके साथ क्रमशरू वेट्टेकरन और थेरी में रुपहले पर्दे पर आ चुके हैं। ? 6.25 बिलियन संपत्ति के स्वामी थलपति विजय का तृषा कृष्णन के साथ प्रेम प्रसंग संप्रति लोगों की जुबान पर है, लेकिन आज की राजनीति में नायकों के प्रेम–प्रसंग और विवाहेतर संबं?ध समर्थकों और प्रशंसकों के लिये मायने नहीं रखते, अतरू थलपति का पर्फामेन्स ही तय करेगा कि वह राजनीति में कितनी लंबी और कैसी पारी खेलते हैं?

# नहर में अज्ञात शव मिलने से सनसनी, पहचान में जुटी पुलिस

न्यूज वाणी ब्यूरो

नहटौर, बिजनौर। गांव अखेड़ा स्थित नहर में गुरुवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने नहर में शव दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया। काफी प्रयास के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही आसपास के थानों में सूचना भेजकर मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। मामला अखेड़ा गांव स्थित नहर का बताया जा रहा है।



# शहीद आयतुल्लाह अली खामनेई की स्मृति में होगा सेमिनार

## - तंजीमुल मकातिब के सेमिनार में शामिल होंगी नामचीन शख्सियतें

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। गोलागंज स्थित देश की प्रसिद्ध संस्था तंजीमुल मकातिब में आगामी 16 और 17 मई को दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह सेमिनार इजराइल के हमले में शहीद हुए आयतुल्लाह अली खामनेई के जीवन और उनके संघर्षों पर आधारित होगा संस्था के सचिव मौलाना सय्यद सफी हैदर ने एक पत्रकार वार्ता के दौरान कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी साझा की। उनके साथ मौलाना सय्यद मुमताज जाफर और मौलाना तहजीबुल हसन भी मौजूद रहे। सेमिनार की मुख्य विशेषताएं मौलाना सफी हैदर ने बताया कि शहीद आयतुल्लाह की याद में देश–दुनिया में कई कार्यक्रम और मजालिस आयोजित हो रही हैं, लेकिन तंजीमुल मकातिब का यह कार्यक्रम अपनी तरह का अनूठा आयोजन होगा बहुआयामी चचार्एं




सेमिनार में शहीद के जीवन के हर पहलू, उनके विचारों और मानवता के लिए उनके योगदान पर गहराई से रोशनी डाली जाएगी सर्वधर्म भागीदारीरु कार्यक्रम की विशिष्टता यह है कि इसमें केवल उलमा ही नहीं, बल्कि विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु, वरिष्ठ पत्रकार, बुद्धिजीवी और समाजसेवी भी हिस्सा लेंगे। शामिल होने वाली प्रमुख हस्तियां सेमिनार में देश की कई नामचीन शख्सियतों ने आने की स्वी.ति दे दी है, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं धर्मगुरु मौलाना सय्यद कल्बे रूशैद, मौलाना कलीम अशरफ जाएसी, पंडित विजय शर्मा, सरदार परमजीत सिंह, भंते दीपांकर जी, महाराज सुशील जी, पास्टर शिबू थॉमस और सरदार प्रितपाल सिंह सलूजा। बुद्धिजीवी व राजनेतारु पूर्व जज बी.डी. नकवी, सोशलिस्ट लीडर संदीप पाण्डेय, डॉ. सुनीलम, सय्यद आसिम वकार, कुर्बान अली और डॉ. कुलदीप भार्गव |शिक्षाविदद व पत्रकाररु प्रोफेसर रमेश दीक्षित, प्रोफेसर नदीम अशरफ, वरिष्ठ पत्रकार अशोक पाण्डे, डॉ. लक्ष्मण सिंह और डॉ. ग्रीश शर्मा विद्वान मौलाना सय्यद काजिम मेंहदी, मौलाना सय्यद शाबिउल हसन और मौलाना शमीमुल हसन। मौलाना सफी हैदर ने कहा कि इस सेमिनार के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक शहीद आयतुल्लाह के शांति और न्याय के संदेश को पहुँचाने का प्रयास किया जाएगा।

# अपने बूथ को मजबूत करें कार्यकर्ता : अनिल वर्मा

## – सपा की मासिक बैठक का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। तहसील लहरपुर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष राजेश गिरी राजू व संचालन सपा प्रदेश सचिव शोभित मिश्र ने किया। बैठक को विधायक अनिल वर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने बूथ को मजबूत करने का कार्य करे जब हमारा बूथ मजबूत होगा तभी हमारी विधानसभा मजबूत होगी, अनिल वर्मा ने कहा कि इस जुमलेबाज सरकार ने अब तक के कार्यकाल में कुछ नहीं किया है जनता को सिर्फ जाति धर्म के नाम पर बांटने का कार्य किया है, कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह, अतुल वर्मा, लहरपुर नगर अध्यक्ष मेराज मेंहबूब, कुलदीप सिंह, मौसम खान ने सम्बोधित किया इस अवसर पर सतनाम सिंह, अमरेंद्र वर्मा प्रधान टकेली, राधे वर्मा, भागीरथ मौर्या, अरशद अंसारी, कमलकिशोर मिश्रा, गया प्रसाद मौर्या, मो० शोएब, चन्दा अली, प्रशान्त गुप्ता, श्याम शर्मा, नीलेश रस्तोगी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

नेहटौर, बिजनौर। ग्राम सादात नगर तरकोली में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। मृतक की पहचान अंकुल सैनी पुत्र राकेश कुमार, उम्र करीब 25 वर्ष के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रारंभिक चर्चा में प्रेम प्रसंग और पारिवारिक विवाद को घटना की वजह माना जा रहा है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे में हादसा, स्कार्पियो सवार चार की मौत

## - गैस सिलेंडर लदे ट्रक में कार घुसने से हुई दुर्घटना

## - मरने वालों में एक ही परिवार के लोग शामिल, जिंदगी से जूझ रही मासूम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर मंगलवार की सुबह उस वक्त चीख–पुकार मच गई, जब एक तेज रतार स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर आगे चल रहे गैस सिलेंडरों से लदे डीसीएम ट्रक में पीछे से जा घुसी। यह टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह ट्रक के नीचे दब गया। दर्दनाक हादसे में अब तक चार लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि एक मासूम बच्ची अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रही है। पुलिस के अनुसार पीड़ित परिवार मूल रूप से महोबा जिले का रहने वाला था। वे आजमगढ़ से अपने घर महोबा की ओर लौट रहे थे। सुबह करीब 8.30 बजे कोतवाली देहात क्षेत्र के अंतर्गत एक्सप्रेसवे पर यह हादसा हुआ। कार में एक पुरुष और चार महिलाएं सवार थीं। नींद की झपकी और तेज रतार बनी तबाही की वजह घटनास्थल का मुआयना करने पहुंचे जिलाधिकारी अमित आसेरी, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने बताया कि प्राथमिक जांच में ऐसा प्रतीत होता है कि स्कॉर्पियो चालक को गाड़ी चलाते समय नींद की झपकी आ गई थी। रतार तेज होने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी सीधे आगे चल रहे इंडेन गैस के ट्रक से टकरा गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, यूपी 112, फायर ब्रिगेड और एक्सप्रेसवे की बचाव टीमें मौके पर पहुंचीं। कार की हालत इतनी खराब थी कि शवों और घायलों को निकालने के लिए गैस कटर और जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। तीन महिलाओं ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया था। दो घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया, जहाँ उपचार के दौरान एक और व्यक्ति की मृत्यु हो गई। एक घायल बच्ची का इलाज जारी है, जिसे जिला प्रशासन की देखरेख में बेहतर चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए एक्सप्रेसवे पर यातायात बाधित रहा, जिसे पुलिस बल ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर सुचारू कराया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने अस्पताल जाकर घायल का हाल जाना और परिजनों को सूचित कर दिया गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है।



# 60 किलोग्राम अवैध पटाखे के साथ एक गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं आपराधिक घटनाओं की रोकथाम शातिर अपराधियों की गिरतारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मयंक पाठक एवं क्षेत्राधिकारी गंगोह अशोक सिसोदिया के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सैनी के कुशल नेतृत्व में थाना नानौता पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त कपिल पुत्र श्रीपाल निवासी ग्राम कुआँखेडा को संगम नहर से काशीपुर जाने वाला वाले रास्ते पर बने नहर पुल से गिरतार किया गया है। जिसके कब्जे से करीब 60 किलोग्राम अवैध पटाखे (विस्फोटक सामग्री) बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना नानौता पर मु0अ0सं0 102/26 धारा 288 बीएनएस व 5/9बी(1)(ए) विस्फोटक अधिनियम पंजी.त किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अभियुक्त ने पूछने पर बताया कि मै करनाल से एक फैक्ट्री से पटाखे खरीदकर लाया था जिन्हे मै महंगे दामो मे बेचकर अच्छा मुनाफा कमाता लेकिन पुलिस ने मुझे पकड लिया। इस अभियान में एस एस आई जितेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक जसपाल सिंह, निपेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल विक्रान्तमान शामिल रहे।



# दबंगों ने युवक को बेल्ट व लात-घूंसों से पीटा, वीडियो वायरल

न्यूज वाणी ब्यूरो

चाँदपुर, बिजनौर। जलीलपुर ब्लॉक इलाके में कुछ दबंगों द्वारा एक युवक की बेरहमी से पिटाई करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि दबंगों ने युवक को बेल्ट, लात और घूंसों से पीटकर अधमरा कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है। पीड़ित युवक ने मामले की तहरीर पुलिस को दे दी है। सूचना पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो और तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। मामला जलीलपुर ब्लॉक क्षेत्र का बताया जा रहा हैं।

# पीड़ित परिवार के आंसू पोंछने पहुचे भाजपा नेता रोहित पासी

## - आर्थिक सहायता देकर हरसंभव मदद का दिलाया भरोसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

अमेठी। जगदीशपुर क्षेत्र के पूरे पंडित अमृतलाल गांव में बेटी की शादी के दिन हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। हादसे में पिता गौतम तथा उनके भाई आसाराम की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। शादी की खुशियां मातम में बदल गईं और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। इस हृदयविदारक घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं भाजपा नेता रोहित पासी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय यादव के साथ पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया।रोहित पासी ने मृतक गौतम और आसाराम के परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए कहा कि यह दुख केवल परिवार का नहीं बल्कि पूरे समाज का दुख है। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में वह और उनकी पूरी टीम परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है तथा भविष्य में भी हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में सभी को एकजुट होकर परिवार का सहारा बनना चाहिए। गांव के लोगों ने भी रोहित पासी के इस मानवीय प्रयास की सराहना की और कहा कि ऐसे समय में मदद और संवेदना ही पीड़ित परिवार को संबल देने का कार्य करती है। मुलाकात के दौरान गांव के कई सम्मानित लोग और स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद रहे। पूरे क्षेत्र में इस दुखद घटना को लेकर शोक व्याप्त है तथा लोग दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। इस दौरान गिरीश पांडे उर्फ बिल्लू, ग्राम सभा के प्रधान प्रतिनिधि विजय यादव, भाजपा नेता अमित त्रिपाठी सहित अन्य समर्थक मौजूद रहे।



# सरकारी स्कूल में लापरवाही, करंट लगने से छात्र झुलसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

नगीना, बिजनौर। ग्राम रमपुरा स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालय में बड़ी लापरवाही सामने आई है। स्कूल परिसर में जर्जर हालत में झूल रहे बिजली के तारों की चपेट में आने से एक छात्र गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद स्कूल में अफरा–तफरी मच गई। घायल छात्र को आनन–फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पीड़ित छात्र के परिजनों ने मामले को लेकर थाने में तहरीर दी है और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मामला रमपुरा स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालय का बताया जा रहा है।

# बच्चों से काम कराने वालों पर होगी कार्रवाई

## – संयुक्त चेकिंग व जन–जागरूकता कार्यक्रम संचालित कर चलाया अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में थाना एएचटीयू, एसजेपीयू चाइल्ड हेल्पलाइन, ग्रामीण स्वावलंबन समिति संस्था एवं साथी यूपी संस्था की संयुक्त टीम द्वारा संकट मोचन मंदिर, अशोक लाट, बस स्टैंड इत्यादि पर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बस में सफर कर रहे यात्रियों एवं बस स्टैंड पर मौजूद यात्रियों को मानव तस्करी, बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति, बच्चा चोरी, जहरखुरानी तथा सरकारी हेल्पलाइन नंबर 112, 1098, 1090, 181, 1076 आदि के संबंध में जागरूक किया गया। यात्रियों को पंपलेट के माध्यम से बाल विवाह न करने एवं गांव, मोहल्ले में यदि कोई बाल विवाह हो रहा हो तो इसकी सूचना सरकारी हेल्पलाइन नंबर या नजदीकी पुलिस स्टेशन पर सूचित करने की सलाह दी। बच्चों के साथ सफर कर रहे यात्रियों को बच्चों को अपने पास रखने एवं अनजान व्यक्ति द्वारा दी गई किसी भी सामग्री को न खाने की सलाह दी गई। स्टेशन रोड पर मौजूद दुकान, होटल पर बालश्रम उन्मूलन रोकथाम अभियान चलाया, अभियान के दौरान दुकान, होटल आदि की चेकिंग की गई एवं आसपास के दुकानदारों एवं आम जनमानस को बच्चों (18 वर्ष से कम आयु) से बाल श्रम न कराने हेतु जागरुक किया गया एवं हिदायत दी गई कि यदि कोई व्यक्ति या दुकानदार बच्चों से बालश्रम करते हुए पाया गया तो उपरोक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। संकट मोचन मंदिर पर श्रद्धालुओं को बालश्रम एवं बाल विवाह के संबंध में जागरूक किया गया। अभियान के दौरान थाना एएचटीयू से प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार, एसजेपीयू प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रताप सिंह, उप निरीक्षक अनिल कुमार उपाध्याय, आरक्षी प्रशांत यादव, महिला आरक्षी रचना सिंह सेजवार, चाइल्ड हेल्पलाइन प्रशांत गुप्ता, ग्रामीण स्वावलंबन समिति संस्था ममता देवी एवं साथी यूपी संस्था रेखा देवी मौजूद रहीं।



# स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा कदम, जिला अस्पताल में लेप्रोस्कोपी मशीन शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जिला अस्पताल में गुरुवार को अत्याधुनिक लेप्रोस्कोपी मशीन का शुभारंभ किया गया। सदर विधायक सूची मौसम चौधरी और जिलाधिकारी जसजीत कौर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। इस नई सुविधा से जिले के हजारों मरीजों को आधुनिक सर्जरी का लाभ मिल सकेगा। कार्यक्रम में प्रशासनिक



अधिकारियों, चिकित्सकों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के उपलब्ध होने से मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार मिलेगा और जिला अस्पताल की सेवाएं पहले से अधिक मजबूत होंगी। उन्होंने बताया कि लेप्रोस्कोपी तकनीक के जरिए कई ऑपरेशन कम दर्द और कम समय में किए जा सकते हैं, जिससे मरीज जल्दी स्वस्थ होते हैं। नई मशीन के शुरू होने से अब लोगों को बेहतर इलाज के लिए दूसरे शहरों की ओर कम जाना पड़ेगा और गरीब व जरूरतमंद मरीजों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्या मौसम चौधरी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में लगातार बढ़ाई जा रही नई सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से मरीजों को उत्.ष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपील करते हुए कहा कि आधुनिक संसाधनों के माध्यम से आम जनता को बेहतर उपचार मिलना चाहिए।

# जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओ का बोलबाला

## - डॉक्टरों पर समय से मरीज न देखने का आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। ट्रामा सेंटर राजकीय जिला अस्पताल में भारी अव्यवस्थाओं के चलते मरीजों का उपचार ठीक ढंग से नहीं किया जा रहा है डॉक्टर व नर्स स्टाफ समय से मरीजों को देख नहीं रहे हैं। पूरे राजकीय जिला अस्पताल में भारी अव्यवस्थाएं एवं लापरवाही है। यहां मरीजों का जीवन भगवान भरोसे है। न तो मरीजों के लिए पर्याप्त बेड हैं सभी डॉक्टर्स समय पर ड्यूटी में उपस्थित नहीं होते हैं राजकीय जिला अस्पताल में कार्यरत कई डॉक्टर्स प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं। शासन व प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं है, शासन व प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। 13 मई को अचानक बेसुध अवस्था में कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी की विवाहित पुत्री प्रिया पांडे को लेकर परिवारजन जिला अस्पताल पहुंचे जहां पर डॉक्टरों द्वारा मरीज की अनदेखी की गई, काफी देर आरजू करने पर एक घंटे के पश्चात उसे भर्ती करने की प्रक्रिया पूरी की गई यह कहते हुए बेड खाली नहीं है, ट्रामा सेंटर के बरामदे पर लिटाया गया और उपचार किया गया जबकि अनेकों बार अनेक पार्टियों द्वारा जिला अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं के सम्बन्ध में समय–समय पर जिलाधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से अवगत भी कराया गया, गतदिवस जनपद के प्रभारी कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल नंदी को भी इस बावत पार्टी जानो ने अवगत कराया फिर भी अस्पताल के जिम्मेवार अधिकारियों के कानों में जू तक नहीं रेंगी। आज भी जिला चिकित्सालय में मरीजों की अनदेखी के साथ–साथ अनेक अव्यवस्थाओं को नजर अंदाज किया जा रहा है। कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी ने इस बात की जानकारी मीडिया सहित कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित व महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह सहित प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व को अवगत कराया गया है।



# आईटीआई गौरीगंज के रोजगार मेले में नौ अभ्यर्थी चयनित

न्यूज वाणी ब्यूरो

अमेठी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज के नोडल प्रधानाचार्य विवेक कुमार ने बताया कि जनपद में आज आई0टी0आई0 गौरीगंज में रोजगार/अप्रेन्टिस मेला का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 45 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने बताया कि आयोजित मेले में टाटागयाथा मोटर्स कॉमर्शियल व्हीकल लिमिटेड पंतनगर उत्तराखण्ड कम्पनी के एच0आर0 शुभम सिंह द्वारा अभ्यर्थियों का साक्षात्कार किया गया। साक्षात्कार प्रक्रिया के उपरान्त टाटा मोटर्स कॉमर्शियल व्हीकल लिमिटेड पंतनगर उत्तराखण्ड कम्पनी में 09 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर उक्त मेले में नोडल प्रधानाचार्य विवेक कुमार, प्रभारी अनिल कुमार मिश्र, सहायक रोजगार/अप्रेन्टिसशिप प्रभारी भारत भूषण मिश्रा व दिवाकर मिश्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद
जी.टी. रोड, फतेहपुर
MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी
सम्पादक कारवाने हक
9415065213
एफ.ए.जाफरी
D.R. (Opt.)
7379440876

## शुगर मिल अधिकारियों ने गन्ना फसल का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो
धामपुर, बिजनौर। गुरुवार को धामपुर शुगर मिल के सहायक उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने नहटौर जोन के गांव शराय, खडसाल और गिदौरी समेत विभिन्न क्षेत्रों में बसंतकालीन गन्ना बुवाई तथा पेड़ी गन्ने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने




गन्ने में रेड रॉट प्रभावित प्लॉटों का जायजा लिया और किसानों को रोगिंग कराने के साथ अजोडेजो दवा का स्प्रे करने की सलाह दी। साथ ही संबंधित अधिकारियों को खेतों में लाइट ट्रैप और फेरोमोन ट्रैप लगाने के निर्देश दिए गए। सहायक उपाध्यक्ष ने कहा कि गन्ने की फसल में टॉप बोरर के प्रकोप को कम करने के लिए सीटीपीआर, नेटजन और बोलियम की ड्रैंचिंग कराना आवश्यक है। भ्रमण के दौरान एरिया मैनेजर सुरेंद्र सिंह, जोनल अधिकारी तथा फील्ड सुपरवाइजर विपिन कुमार और अरुण कुमार द्वारा किए गए सर्वे का भी निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने किसानों को सलाह दी कि गन्ने की अच्छी बढ़वार और उत्पादन के लिए अधिक से अधिक क्षेत्र में एनपीके 20–20–20 का स्प्रे किया जाए।

## डीएम ने सीबीएसई 12वीं के मेधावियों को दी शुभकामनाएं

न्यूज वाणी ब्यूरो
फिरोजाबाद। सीबीएसई 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित होने पर जिलाधिकारी ने जनपद के सभी सफल छात्र–छात्राओं, उनके अभिभावकों और गुरुजनों को हार्दिक बधाई दी है। जिलाधिकारी ने छात्र–छात्राओं के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे उनकी कड़ी मेहनत, लगन और धैर्य का प्रतिफल बताया। जिलाधिकारी ने अपने संदेश में कहा कि आज के परिणाम आपकी




निरंतर मेहनत और एकाग्रता का परिणाम हैं। आप सभी ने न केवल अपने परिवार, बल्कि जनपद का नाम भी गौरवान्वित किया है। शिक्षा का असली उद्देश्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक बेहतर इंसान बनकर समाज की सेवा करना है। मुझे विश्वास है कि आप भविष्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे। उन विद्यार्थियों के लिए जो इस परीक्षा में अपेक्षित अंक प्राप्त नहीं कर सके या असफल रहे, जिलाधिकारी ने बेहद संवेदनशीलता के साथ प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जो विद्यार्थी किसी कारणवश वांछित परिणाम प्राप्त नहीं कर पाए हैं, उन्हें कतई हताश या निराश होने की आवश्यकता नहीं है। एक परीक्षा का परिणाम आपके संपूर्ण भविष्य और आपकी क्षमताओं का निर्धारण नहीं कर सकता। जीवन संभावनाओं से भरा है। अपनी कमियों का आकलन करें और नई ऊर्जा के साथ पुनः प्रयास करें। असफलता केवल सफलता की दिशा में एक सीख है, अंत नहीं। जिलाधिकारी ने अंत में सभी युवाओं से अपील की कि वे सकारात्मक सोच के साथ अपने करियर का चयन करें और राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दें।

## स्वगणना अभियान में शामिल हुए आईटीआई के सैकड़ों छात्र

न्यूज वाणी ब्यूरो
बिजनौर। राजकीय आईटीआई में गुरुवार को स्वगणना कार्यक्रम आयोजित किया गया। देशभर में जनगणना कार्य प्रारंभ होने के क्रम में प्रथम चरण के तहत मकानों की गणना की जा रही है। शासन के निर्देशानुसार इस प्रक्रिया में पहले स्वगणना का प्रावधान किया गया है, जिसे निर्धारित पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। शिक्षा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में आईटीआई स्टाफ एवं छात्र–छात्राओं ने स्वगणना



प्रक्रिया में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना के महत्व और ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर फोरमैन दीपक कुमार गुप्ता, प्रधान सहायक राकेश शर्मा, अनुदेशक बृजेश कुमार यादव, नीरज कुमार शर्मा सहित सैकड़ों छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि स्वगणना के माध्यम से लोग स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं, जिससे जनगणना प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सरल बनेगी।

## कालिकन धाम में विशाल दुखदुरिया कार्यक्रम आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो/अमेठी। जिले के संग्रामपुर ब्लॉक मुख्यालय पर स्थित मां कालिका मंदिर परिसर में बृहस्पतिवार को विशाल दुखदुरिया कार्यक्रम आयोजित किया गया। भेंटुआ ब्लॉक के गोवर्धनपुर दुआरा निवासी संतोष सिंह ने बृहस्पतिवार को कालिका मंदिर परिसर में दुखदुरिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें संग्रामपुर ब्लॉक की हजारों सुहागिन महिलाओं ने भाग लेकर अवसान माता की पूजा कर लाई, चना व गुड़



को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया और क्षेत्र के कल्याण के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर सभी महिलाओं को अवसान माता की फोटो का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम के बारे में संतोष सिंह ने बताया कि क्षेत्र के भ्रमण के दौरान महिलाओं ने कई बार सामूहिक दुखदुरिया कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की जाती रही जिसको देखते हुए पहले अपने गांव में फिर भेंटुआ ब्लॉक में और अब यह कालिका मंदिर में तीसरा आयोजन किया गया।

# बाढ़ व कटाव निरोधक कार्यो का नियमित निरीक्षण करें एसडीएम : अनुपम

### – जिले में संभावित बाढ़ व कटाव को लेकर हुई स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो
गाजीपुर। जनपद में संभावित बाढ़ एवं कटाव की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में बाढ़ पूर्व तैयारियों, कटाव निरोधक कार्यों की प्रगति तथा विभिन्न विभागों द्वारा बाढ़ अवधि में की जाने वाली व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), जिला विकास अधिकारी, चिकित्सा विभाग के अधिकारी, तथा जिलाधिकारी बैठक में वर्चुवल के माध्यम से समस्त उप जिलाधिकारी सहित अन्य विभिन्न विभागों के सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन अधिशासी अभियन्ता, देवकली पम्प नहर प्रखण्ड–प्रथम द्वारा किया गया। उन्होंने जनपद में संचालित बाढ़ कटाव निरोधक परियोजनाओं, तटबंधों की स्थिति, संवेदनशील क्षेत्रों में चल रहे कार्यों तथा बाढ़ के दौरान




विभागीय समन्वय के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। साथ ही बाढ़ से प्रभावित होने वाले संभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों के बारे में भी अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में चल रहे बाढ़ एवं कटाव निरोधक कार्यों का नियमित निरीक्षण करें तथा कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी कार्य बाढ़ आने से पूर्व सुरक्षित एवं मानक के अनुरूप पूर्ण करा लिए जाएं। जिलाधिकारी ने बाढ़ चौकियों पर पेयजल, प्रकाश, दवा, नाव, खाद्यान्न, संचार व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों में त्वरित कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में उप निदेशक .षि को किसानों का फसल बीमा समय से कराने तथा किसानों को योजनाओं के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पशुपालन विभाग को पशुओं हेतु आवश्यक दवाओं एवं टीकाकरण की तैयारी रखने को कहा गया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता, देवकली पम्प नहर प्रखण्ड–प्रथम को निर्देशित किया कि बाढ़ काल प्रारम्भ होने से पूर्व सभी कटाव निरोधक कार्य पूर्ण कराए जाएं तथा जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर 24 घंटे निगरानी एवं सूचना आदान–प्रदान की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# चरखारी ब्लॉक में निजी व्यक्तियों से सरकारी कार्य कराने पर अंतिम चेतावनी

### - वर्षों से जमे ग्राम विकास अधिकारियों पर उठे सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो
महोबा। चरखारी विकास खंड में ग्राम विकास अधिकारियों और ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा सरकारी कार्यों को निजी व्यक्तियों से कराए जाने के मामले में खंड विकास अधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए अंतिम चेतावनी पत्र जारी किया है। पत्र संख्या 1395, स्था०ति०, व्यपत्री०, 2025–26 18 दिसंबर 2025 में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने शासकीय कार्य स्वयं संपादित करें और किसी भी बाहरी अथवा प्राइवेट व्यक्ति की मदद न लें। खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्त द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि शासनादेश एवं जिलाधिकारी के निर्देशों के बावजूद लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि कुछ कर्मचारी अपने पदीय दायित्व निजी व्यक्तियों से अनाधि.त रूप से करवा रहे हैं। इससे सरकारी अभिलेखों और सूचनाओं में त्रुटियां सामने आ रही हैं तथा समय पर सुधार भी संभव नहीं हो पाता। पत्र में चेतावनी दी गई है कि भविष्य में ऐसी शिकायत मिलने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इधर ब्लॉक में लंबे समय से तैनात कुछ ग्राम विकास अधिकारियों को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शादाब खान, शिवांक यादव, सोहेल दुर्रानी, हिमांशु कुशवाहा और आदित्य सिंह जैसे ग्राम विकास अधिकारी करीब दस वर्षों से एक ही ब्लॉक में लगातार तैनात हैं। जबकि शासन स्तर पर सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक एक ही ब्लॉक में तैनाती न रखने का नियम माना जाता है। ग्रामीणों और कुछ




जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे अधिकारियों की वजह से प्रधानों और कर्मचारियों की मिलीभगत से सरकारी धन के दुरुपयोग की शिकायतें लगातार सामने आती रही हैं। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि प्रभाव और धनबल के चलते इन अधिकारियों के तबादले नहीं किए जा रहे। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ब्लॉक में जारी चेतावनी पत्र के बाद अब लोगों की निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं कि क्या लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात अधिकारियों के तबादले होंगे या मामला केवल पत्राचार तक ही सीमित रहेगा। वहीं प्रशासनिक हलकों में यह कार्रवाई चर्चा का विषय बनी हुई है।

# 36.04 करोड़ से अतर्रा-चौसड़-ओरन मार्ग का हो रहा कायाकल्प

**- 74 फीसदी काम पूरा, 12 जुलाई तक चमचमाती सड़क पर सरपट दौड़ेंगे वाहन**
**- 18.78 करोड़ रुपये के विकास कार्य धरातल पर मुकम्मल, राहगीरों का सफर होगा सुगम**

न्यूज वाणी ब्यूरो
बांदा। बुंदेलखंड को विकास



की मुख्यधारा से जोड़ने के संकल्प के साथ योगी सरकार इस क्षेत्र के विकास के लिए कार्य कर ही है और उसी क्रम में सरकार ने जनपद को सड़कों की बड़ी सौगात दी है। जिले के अलग अलग क्षेत्रों में सड़कों के चौड़ीकरण व नवीनीकरण का कई जगह कार्य चल रहा है। उसी क्रम में अतर्रा क्षेत्र के महत्वपूर्ण अतर्रा–चौसड़–ओरन मार्ग को गड्ढामुक्त और अत्याधुनिक बनाने के लिए 36.04 करोड़ रुपये की भारी–भरकम राशि से कायाकल्प का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन मोड विकास रथ की बदौलत इस मार्ग पर अब तक 74 फीसदी निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। चौनेज 0.00 से 18.800 तक चौड़ीकरण का काम तेज लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस मार्ग पर चौनेज 0.00 से लेकर 18.800 तक सड़क चौड़ीकरण और सु.ढ़ीकरण का काम बेहद तेजी से चल रहा है। अब तक स्वी.त बजट में से 18.78 करोड़ रुपये के विकास कार्य धरातल पर पूरी तरह मुकम्मल हो चुके हैं और शासन द्वारा तय की गई समय सीमा 12 जुलाई 2026 तक इस परियोजना को शत–प्रतिशत पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसे देखते हुए दिन–रात काम कराया जा रहा है। राहगीरों का सफर होगा सुगम, व्यापार को लगेंगे पंख इस मार्ग के बन जाने से अतर्रा, चौसड़ और ओरन क्षेत्र के दर्जनों गांवों की जिला मुख्यालय और पड़ोसी जनपदों से कनेक्टिविटी बेहद मजबूत और सुगम हो जाएगी। जहां चमचमाती और चौड़ी सड़कों के कारण राहगीरों को न सिर्फ धूल और गड्ढों से मुक्ति मिलेगी बल्कि वाहनों के ईंधन और समय की भी भारी बचत होगी। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि बेहतर सड़कों से .षि उपजों को मंडियों तक ले जाना आसान होगा। जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। सड़क की सुधरती सूरत को देखकर स्थानीय जनता और राहगीर योगी सरकार की नीतियों की जमकर सराहना कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से उपेक्षित पड़े इस मार्ग की सुध लेकर योगी सरकार ने बुंदेलखंड के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साबित की है। चमचमाती सड़कों से अब बांदा का सफर सुगम और सुरक्षित होने जा रहा है जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

# नाबालिग को भगाने वाले आरोपी को सात साल का कारावास

### - पांच हजार रुपए का लगा अर्थदंड

न्यूज वाणी ब्यूरो
बांदा। मिशन शक्ति अभियान के तहत चिन्हित अभियोग में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत त्वरित एवं निष्पक्ष विवेचना, प्रभावी अभियोजन एवं पैरवी के फलस्वरुप वर्ष–2020 में थाना बबेरु क्षेत्र में नाबालिग को बहला–फुसला कर भगा ले जाने वाले अभियुक्त को मा0 न्यायालय द्वारा दिलाई गई 07 वर्ष के कारावास व 05 हजार रुपये जुर्मानें की सजा। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के क्रम में मिशन शक्त अभियान के तहत चिन्हित अभियोगो में कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में वर्ष–2020 में थाना बबेरु क्षेत्रान्तर्गत नाबालिग को बहला–फुसला कर भगा ले जाने वाले अभियुक्त को न्यायालय द्वारा कारावास व जुर्माने से दण्डित कराया गया। गौरतलब हो कि 02 सितंबर 2020 को थाना बबेरु क्षेत्रान्तर्गत एक नाबालिग को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने के मामलें में थाना बबेरु में मु0अ0स0 210/2020 धारा 363/366 भादवि का अभियोग पंजी.त किया गया था जिसकी विवेचना उ0नि0 श्यामदेव सिंह द्वारा सम्पादित की गयी। विवेचक द्वारा 03 सितंबर 2020 को नाबालिग को सकुशल बरामद किया गया था व विवेचना के क्रम प्रभावी विवेचना करते हुए आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया था। लोक अभियोजक मनोज दीक्षित व रामकुमार सिंह द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई साथ ही कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी राकेश सिंह तथा पैरोकार आरक्षी चक्रधारी के अथक प्रयासों से अभियुक्त को न्यायालय द्वारा




07 वर्ष के कारावास व 05 हजार रुपये के अर्थदण्ड से अभियुक्त शनि उर्फ प्रेमबाबू पुत्र छिदुवा उर्फ छेदीलाल निवासी ग्राम जौहरपुर थाना तिंदवारी को दण्डित कराया गया।

## बीएसए ने विद्यालय का निरीक्षण कर कार्यालय पर की समीक्षा बैठक

न्यूज वाणी ब्यूरो
फिरोजाबाद। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) द्वारा सर्वप्रथम कंपोजिट विद्यालय दखिनारा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में छात्र–छात्राएं अपनी–अपनी कक्षाओं में अध्ययनरत पाए गए तथा शैक्षणिक गतिविधियाँ सुचारू



रूप से संचालित होती हुई पाई गईं। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, छात्र उपस्थिति, साफ–सफाई, मिड–डे मील व्यवस्था एवं आधारभूत सुविधाओं का गहन अवलोकन किया गया। बीएसए द्वारा उपस्थित शिक्षकों से संवाद स्थापित कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई तथा विद्यालय संचालन एवं शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए। सभी शिक्षकों को विद्यालय में अनुशासन, नियमित उपस्थिति एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में बीएसए कार्यालय में जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) एवं जिला समन्वयक (डीसी) उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य शिक्षा विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर उनके प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना रहा। बैठक में लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्त योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

## एमडी जैन इंटर कॉलेज में एजुकेशन डे पर चला स्व-गणना कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो
सिरसागंज, फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा एवं अपर जिलाधिकारी विशु राजा के निर्देशन में जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में एजुकेशन डे पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन एवं जिला प्रशिक्षक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में देश की जनगणना 2027 के प्रारंभिक चरण मकान सूचीकरण के स्व–गणना कार्यक्रम चलाया गया। जिला प्रशिक्षक अश्वनी कुमार जैन ने सभी शिक्षक साथियों को स्व–गणना की प्रक्रिया के विषय में बताया कि सर्वप्रथम उत्तरदाता को



ीजजचेरूध्ध्म.बमदेने.हवअ.पद पर जाकर पहले अपना राज्य को सेलेक्ट करके कैप्चा डालकर वेरीफाई करना है। उसके बाद मुखिया का नाम अंकित करने के बाद मोबाइल नंबर डालने के बाद ओटीपी से उसे वेरीफाई करना है। उसके बाद भाषा का चयन करने के उपरांत राज्य, जिला, नगरध् ग्राम डालने के बाद गूगल मैप पर अपने मकान की लोकेशन को चयनित करना है। उसके उपरांत 33 प्रश्नों के उत्तर भरने के साथ ही मोबाइल नंबर के उपरांत उसमें एडिट करने, ड्राट करने एवं सब्मिट करने के ऑप्शन में सब्मिट करने के साथ ही 11 अंको की एसई आई डी मोबाइल या लैपटॉप पर आ जाती है। जिसे उत्तरदाता प्रगणक के निवास पर आने पर प्रदान करेगा। उन्होंने जनपद के सभी नागरिकों से अपील की है कि 21 मई तक अपनी स्व–गणना करके राष्ट्रहित में अपना सक्रिय योगदान प्रदान करें। इस अवसर पर संदीप जैन, संजय कटारा, राजकुमार, संजीव जैन, ध्रुव कान्त झा, सुनील जैन, शैलेन्द्र जैन, संतराम, प्रशान्त जैन, नितिन जैन, सत्यपाल सिंह, अमित कुमार जैन, अंजय जैन, धीरज जैन, निर्भय जैन, राजीव जैन, योगेश श्रीवास्तव, हरिशंकर, शिव कुमार सिंह, परेश जैन, नितिन मिश्र, विष्णुमणि, राम गोपाल, विपुल जैन, मनोज शाक्य, राजेश सक्सेना, नितिन कुमार जैन, कुलदीप जैन, निशान्त जैन, अमित जैन, सत्यकाम बघेल, श्रीमती सुकीर्ति चतुर्वेदी, सरिता जैन, सारिका कुलश्रेष्ठ, साधना मोडवेल, स्वाति जैन, रंजना जैन, प्रीती जैन, ज्योति जैन, अंजली जैन, पारुल कुशवाह, साक्षी आदि समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने पांच बच्चों को किया रेस्क्यू

न्यूज वाणी ब्यूरो
फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में चलाये जा रहे बालभिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल पर्यवेक्षण में थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा बालभिक्षावृत्ति चौकिंग अभियान चलाया गया। थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा सूचनाओं व सुरागरसी के आधार पर थाना रामगढ़ क्षेत्रान्तर्गत जाटवपुरी चौराहा एवं थाना दक्षिण क्षेत्रान्तर्गत जैन मंदिर चौराहा पर उन्मूलन अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत



बालभिक्षावृत्ती में संलिप्त कुल 05 बच्चों को बालभिक्षावृत्ति से मुक्त कराते हुए रेस्क्यू की कार्यवाही की गयी। रेस्क्यू किए गए बच्चों को सीडब्लूसी के समक्ष पेश किया गया और उनके आदेश के क्रम में बच्चों को बाल संप्रेषण गृह में संवासित कराया गया।

# एक्सप्रेसवे पर रेलिंग तोड़कर गिरी कार, चालक मामूली घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो



गाजीपुर। भांवरकोल स्थानीय थाना क्षेत्र के हैदरिया के पास पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के चैनल नंबर 340 पर बुधवार देर शाम 9 बजे के करीब तेज रतार महिंद्रा कार रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरी इस हादसे में चालक को मामूली चोटें आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार लखनऊ के सरोजिनी नगर निवासी प्रांजल पांडेय पुत्र अनुराग पांडेय अपनी महिंद्रा एसयूवी कार (यूपी 32 एलएफ 5480) से वाराणसी जा रहे थे लेकिन पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रास्ता भटक जाने के कारण वह हैदरिया चले गए। ब्रेक लगाने के दौरान नियंत्रण खो जाने से कार सीधे उछलकर रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरी। गनीमत रही कि कर के सभी एयरबैग खुल गए और चालक को मामूली चोटें आई और बाल बाल बच गए। तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोगों की मौके पर भीड़ जुट गई। दुर्घटना की सूचना यूपीडा कि सहायता गाड़ी और मच्छटी चौकी प्रभारी श्याम सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक लिखा पढ़ी की। इस संबंध में यूपीडा के सहायक सुरक्षा अधिकारी अनिल सिंह ने बताया कि दुर्घटना में घायल चालक को मामूली चोटें आई हैं उसके परिजन अपने साथ लेकर गए हैं फिलहाल आवागमन सुचारू रूप से चल रहा है।

# बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु चलेगा विशेष अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो/गाजीपुर। बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। 33/11 केवी पृथ्वीपुर पावर हाउस के अवर अभियंता द्वारा जानकारी दी गई है कि लाल दरवाजा,




गाजीपुर क्षेत्र में बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 15 मई से 22 मई तक संचालित होगा।

अवर अभियंता ने बताया कि क्षेत्र के सभी बिजली उपभोक्ता इस दौरान अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं। जिन उपभोक्ताओं को बिजली बिल, खराब मीटर, कनेक्शन, लो–वोल्टेज, तार एवं लाइन संबंधी दिक्कतें या अन्य किसी प्रकार की बिजली समस्या का सामना करना पड़ रहा है, वे निर्धारित अवधि में पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। विभाग की ओर से उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे समय रहते अपनी समस्याओं का समाधान करा लें ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस विशेष अभियान के दौरान विभागीय कर्मचारी और अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर शिकायतों का निस्तारण करेंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस पहल से क्षेत्र के हजारों बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिलने की उम्मीद है। लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान के लिए यह अभियान काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# जीआरपी थाना गाजीपुर सिटी का सीओ रेलवे ने किया निरीक्षण



न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक रेलवे लक्ष्मी निवास मिश्र के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे बलिया सविरत्न गौतम द्वारा यात्रियों की सुरक्षा के .ष्टिगत जीआरपी थाना गाजीपुर सिटी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में द्वारा जीआरपी थाना गाजीपुर सिटी के सीसीटीएनएस कार्यालय, मालखाना, बंदीगृह, शस्त्रागार व थाना कार्यालय का निरीक्षण कर अभिलेखों का अवलोकन करते हुए अद्यतन करने हेतु सर्व संबंधित को निर्देशित किया गया। द्वारा जीआरपी थाना गाजीपुर सिटी में लंबित विवेचनाओं का आर्दली रुम करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सर्व–संबंधित को निर्देशित किया गया एवं यात्रियों की सुरक्षा के .ष्टिगत शस्त्रागार में शस्त्र, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, डंडा व दंगा नियंत्रण उपकरणों की स्थिति परखी गई। द्वारा थानांतर्गत हिस्ट्रीशीटरों पर निगरानी हेतु सर्व संबंधित को निर्देशित करते हुए ट्रेन में होने वाली पत्थरबाजी की घटनाओं व रेलवे ट्रैक अवरोध के मामलों को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही हेतु कार्य योजना बनाकर अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कार्यालय के निरीक्षण के उपरांत द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में बन रहे प्री फैब्रिकेटेड बैरक के कार्य की समीक्षा करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। महोदय द्वारा प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया, आउटर ,पार्किंग ,वेटिंग हॉल आदि का पैदल गस्त किया गया। द्वारा जीआरपी थाना प्रभारी गाजीपुर सिटी को यात्रियों की सुरक्षा के .ष्टिगत अलर्ट मोड पर रहते हुए संदिग्ध व्यक्तियों एवं ज्वलनशील पदार्थों पर कड़ी निगरानी रखने तथा आरपीएफ के साथ समन्वय स्थापित कर सघन चेकिंग अभियान संचालित करने के निर्देश दिए गए एवं जीआरपी थाना प्रभारी गाजीपुर सिटी को दंगा नियंत्रण उपकरणों को सक्रिय अवस्था में रखने हेतु भी निर्देशित किया गया ।

# पीएम मोदी पर अभद्र टिप्पणी के खिलाफ भड़की भाजपा

## - सांसद अजेंद्र सिंह लोधी की तस्वीर पैरों से रौंदी
## - कलेक्ट्रेट में महिलाओं ने सांसद के चित्र को पहनाई चूड़ियां
## - गिरफ्तारी और सार्वजनिक माफी की मांग पर अड़े कार्यकर्ता

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। हमीरपुर–महोबा संसदीय क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के सांसद अजेंद्र सिंह लोधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई कथित अभद्र टिप्पणी को लेकर जनपद में सियासी पारा चढ़ गया है। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में महिलाओं ने सड़कों पर उतरकर सांसद के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने न केवल सांसद का चित्र पैरों से रौंदा, बल्कि सांकेतिक विरोध के तौर पर तस्वीर को चूड़ियां भी पहनाईं। विरोध प्रदर्शन की शुरुआत ऐतिहासिक शिवतांडव मंदिर से हुई। यहाँ से सैकड़ों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी और महिला कार्यकर्ता हाथों में काली तख्तियां लेकर पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। पूरे रास्ते हिंदुस्तान प्रधानमंत्री का अपमान नहीं सहेगा और अखिलेश यादव शर्म करो जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। कलेक्ट्रेट पहुंचकर महिलाओं ने सांसद अजेंद्र लोधी के चित्र पर मुर्दाबाद लिखकर उसे जमीन पर डाल दिया और उसे पैरों से रौंदकर अपना गुस्सा जाहिर किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सदर विधायक राकेश गोस्वामी और जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा ने सपा नेतृत्व को आड़े हाथों लिया। नेताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी के पास संस्कारों का भारी अभाव है। देश के सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति के लिए ऐसी ओछी भाषा का प्रयोग उनके चरित्र को दर्शाता है। बेहद



शर्मनाक है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अब तक अपने सांसद पर कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की है। भाजपा ने महिला जन आक्रोश रैली के माध्यम से प्रशासन और सपा नेतृत्व को स्पष्ट चेतावनी दी है। सांसद अजेंद्र सिंह लोधी तुरंत अपने शब्द वापस लें और देश से माफी मांगें। नेताओं ने कहा कि सांसद के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो चुका है, लेकिन अब पुलिस उन्हें अविलंब गिरतार करे। यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आने वाले दिनों में भाजपा इस आंदोलन को और भी उग्र रूप देगी। इस प्रदर्शन में जिले के तमाम वरिष्ठ भाजपा नेता, नगर निकाय प्रतिनिधि और भारी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रही। कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के भी कड़े इंतजाम देखे गए।

# मनोज सिन्हा बनाम ओमप्रकाश सिंह, विकास को लेकर सियासत तेज

## - किसान नेता भानु प्रताप सिंह ने खोला मोर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई। जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह के द्वारा जम्मू–



कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा पर की गई टिप्पणी के बाद क्षेत्र की राजनीति गरमा गई है। भाजपा जिला महामंत्री विष्णु प्रताप सिंह की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद अब भारतीय किसान यूनियन टिकैत के सेवराई तहसील अध्यक्ष एवं किसान नेता भानु प्रताप सिंह भी खुलकर मैदान में उतर आए हैं। गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने विकास कार्यों को लेकर विधायक ओमप्रकाश सिंह का खुलकर समर्थन किया और मनोज सिन्हा के कार्यकाल पर सवाल उठाए। भानु प्रताप सिंह ने कहा कि मनोज सिन्हा के कार्यकाल में जिस रेल सह रोड ब्रिज और रेल लाइन विस्तार की बड़ी घोषणा की गई थी, वह आज भी अधूरी पड़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मऊ तक प्रस्तावित रेल परियोजना चुनाव हारने के बाद केवल जिला मुख्यालय तक सिमटकर रह गई। पुल निर्माण कार्य भी अब तक पूरा नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि रेल राज्य मंत्री रहते हुए मनोज सिन्हा ने सेवराई तहसील के बारा रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने और उच्ची.त करने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज भी स्टेशन की स्थिति में कोई बड़ा बदलाव दिखाई नहीं देता। वहीं कभी जिले की प्रमुख टेलीकॉम सेवा मानी जाने वाली बीएसएनएल की मौजूदा स्थिति पर भी उन्होंने सवाल खड़े किए। किसान नेता ने विधायक ओमप्रकाश सिंह के पक्ष में बोलते हुए कहा कि "शिक्षा से ही संस्कार बनता है और संस्कार से समाज मजबूत होता है।" उन्होंने कहा कि ओमप्रकाश सिंह ने क्षेत्र में महाविद्यालय खोलकर गरीब और असहाय बेटियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया। साथ ही सेवराई को तहसील का दर्जा दिलाकर क्षेत्रीय जनता को बड़ी प्रशासनिक राहत पहुंचाई। भानु प्रताप सिंह ने आगे कहा कि पहले कच्ची नहरों के टूटने से किसानों की फसलें जलमग्न हो जाती थीं, लेकिन नहरों के पक्कीकरण से किसानों को राहत मिली। उन्होंने दावा किया कि विधायक ओमप्रकाश सिंह ने बिजली, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत मुद्दों पर क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इधर इस बयानबाजी के बाद राजनीतिक गलियारों के साथ–साथ सोशल मीडिया पर भी बहस तेज हो गई है। समर्थक और विरोधी अपने–अपने नेताओं के विकास कार्यों को लेकर खुलकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं, जिससे आने वाले समय में क्षेत्रीय राजनीति और गर्माने के संकेत मिल रहे हैं।

# वीडियो वायरल, ग्रामीणों में आक्रोश

## - विद्यालय देर से खुलने व शिक्षकों की लापरवाही के आरोपों से शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवन्तनगर, इटावा। विकास खंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय खदिया की अव्यवस्थाओं को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो सामने आने के बाद अभिभावकों एवं ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। वायरल वीडियो और फोटो में विद्यालय समय से न खुलने, बच्चों के स्कूल गेट फांदकर अंदर जाने तथा प्रार्थना सभा में देरी होने जैसे .श्य दिखाई देने का दावा किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय का निर्धारित समय सुबह 7रू30 बजे है, लेकिन कई बार प्रधानाध्यापक और अन्य शिक्षक 8रू30 बजे के बाद पहुंचते हैं। ऐसे में छोटे–छोटे बच्चे लंबे समय तक विद्यालय के बाहर इंतजार करने को मजबूर हो जाते हैं। ग्रामीण शिवराज, सुघर सिंह, सूरज, अर्जुन, बाबा, मोहन, पप्पू और रामदुलारे ने आरोप लगाया कि विद्यालय में शिक्षकों के आने–जाने का कोई निश्चित समय नहीं है। उनका कहना है कि शिक्षकों की लापरवाही के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने विद्यालय में तैनात एक महिला शिक्षक पर नियमित रूप से अनुपस्थित रहने का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि संबंधित शिक्षिका शायद ही विद्यालय आती हैं, लेकिन उनकी उपस्थिति दर्ज कर वेतन जारी किया जा रहा है। अभिभावकों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय मामले को दबाने का प्रयास करते हैं। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ शिक्षकों द्वारा "पैसे देकर मामला संभाल लेने" जैसी बातें कही जाती हैं। वीडियो वायरल होने के बाद गांव में शिक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है, ताकि विद्यालय की व्यवस्था में सुधार हो सके और बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके। इस



संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी गिरीश कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच कराई जाएगी। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

## - पति गंभीर, मां की गोद से सुरक्षित बचा नौ माह का मासूम

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए दर्दनाक सड़क



हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के दौरान महिला की गोद में मौजूद नौ माह का मासूम चमत्कारिक रूप से सुरक्षित बच गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार फिरोजाबाद जनपद के थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के गांव आमरी निवासी 25 वर्षीय शरीफ खां अपनी 21 वर्षीय पत्नी संगीता और नौ माह के बच्चे के साथ बाइक से पत्नी के मायके पिपरेंध ी गांव से वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक जसवंतनगर क्षेत्र के जमुना बाग गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप के निकट पहुंची, तभी पीछे से आ रहे तेज रतार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दंपती सड़क पर गिर पड़े। हादसे में संगीता गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि शरीफ खां को भी गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉ. वीरेन्द्र सिंह, डॉ. विकास अग्निहोत्री एवं महिला चिकित्सक डॉ. अंकिता गौतम ने संगीता को मृत घोषित कर दिया। वहीं शरीफ खां की हालत गंभीर होने पर उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हादसे के दौरान मां की गोद में मौजूद नौ माह का मासूम पूरी तरह सुरक्षित बच गया। यह .श्य देखकर मौके पर मौजूद लोग हैरान रह गए और इसे ईश्वर की .पा बताते हुए कहने लगे जाको राखे साइयां मार सके न कोय। घटना की सूचना मिलते ही मृतका की मां सकीना मौके पर पहुंच गईं। बेटी की मौत से उनका रो–रोकर बुरा हाल है। क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह ने बताया कि पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल मासूम बच्चा अपनी नानी की गोद में सुरक्षित है।

# एडीजीपी गोरखपुर ने भारत-नेपाल सीमा का किया दौरा

## – रूपईडीहा थाने का निरीक्षण कर स्थानीय व्यापारियों एवं पत्रकारों से जानी समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन मुथा अशोक जैन ने गुरुवार को भारत–नेपाल सीमा क्षेत्र का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था एवं कानून–व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। रूपईडीहा पहुंचने पर उन्हें आदर्श थाना परिसर में गॉड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। थाना रूपईडीहा में एडीजी का स्वागत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह, क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा प्रद्युम्न सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत, सहायक कमांडेंट एस एस बी अमित कटियार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। निरीक्षण के दौरान एडीजी ने थाना परिसर, महिला डेस्क तथा अभिलेखों का निरीक्षण किया। उन्होंने लंबित मुकदमों, अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की स्थिति की जानकारी ली। थाना परिसर में लंबे समय से खड़ी जब्त मोटरसाइकिलों के निस्तारण तथा थाना परिसर में अधिक से अधिक छायादार पेड़ लगाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून–व्यवस्था को और मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए। दौरे के दौरान एडीजी ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री संजय कुमार, व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष शैलेश जायसवाल, महामंत्री संतोष अग्रवाल एवं योगेंद्र शर्मा ने भारत–नेपाल सीमा पर व्यापार की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। व्यापारियों ने नेपाल सरकार द्वारा 100 नेपाली रुपये से अधिक मूल्य के सामान पर टैक्स लगाए जाने के बाद व्यापार पर पड़ रहे प्रभाव की जानकारी दी। इस पर एडीजी ने संबंधित उच्च अधिकारियों तक मामला पहुंचाने का आश्वासन दिया। इसके बाद एडीजी मुथा अशोक जैन भारत–नेपाल सीमा स्थित नो मैंस लैंड पहुंचे और सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था व आवागमन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सशस्त्र सीमा बल तथा नेपाली पुलिस अधिकारियों से भी बातचीत कर सीमा पार आवागमन एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। अंत में उन्होंने इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट (आईसीपी) रूपईडीहा का निरीक्षण कर निर्यात–आयात से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर थाना रूपईडीहा का समस्त स्टाफ एवं जिले के कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# भरतपुर कॉलोनी निर्माण में प्रशासन की रफ्तार तेज

## – डीएम व सीडीओ कर रहे मानिटरिंग, मौके पर डटे रहे बीडीओ विनोद यादव

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हालिया दौरे के पश्चात कतर्नियाघाट के जंगल क्षेत्र से विस्थापित परिवारों के पुनर्वास हेतु बनाई जा रही भरतपुर कालोनी का निर्माण कार्य अब तेज गति से आगे बढ़ने लगा है। कर्तनियाघाट के घने जंगलों के बीच बसे भरथापुर गांव के 136 परिवारों को थाना मोतीपुर क्षेत्र के सेमरहना गांव में बसाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दौरे के दौरान इस नई बस्ती का नाम भरतपुर कॉलोनी रखा था। मुख्यमंत्री के दौरे के बाद प्रशासन पूरी सक्रियता के साथ निर्माण कार्य में जुट गया है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंतरा के निर्देश पर तहसील और ब्लॉक स्तर के अधिकारी लगातार मौके पर पहुंचकर कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि निर्माण कार्य तय समय सीमा और गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाए। गुरुवार को खंड विकास अधिकारी विनोद यादव सुबह से ही ब्लॉक टीम के साथ निर्माण स्थल पर मौजूद रहे। उन्होंने लाभार्थियों के आवासों का लेआउट कराया, नींव खुदाई कार्य का निरीक्षण किया और विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बीडीओ ने निर्माण कार्य में लगे कर्मचारियों और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। खंड विकास अधिकारी विनोद यादव ने बताया कि 136 लाभार्थियों में से लगभग 90 परिवार मौके पर पहुंचकर अपने आवासों का निर्माण कार्य देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ कार्य करा रहा है ताकि विस्थापित परिवारों को जल्द से जल्द सुरक्षित और व्यवस्थित आवास उपलब्ध कराया जा सके।

# जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र में देरी व सुविधा शुल्क पर गरजी समिति

न्यूज वाणी ब्यूरो



फिरोजाबाद। नगर निगम में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने में हो रही देरी और कथित सुविधा शुल्क के खेल को लेकर भारतीय लोक कल्याण समिति ने मोर्चा खोल दिया है। समिति का कहना है कि यदि व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ और आम जनता को बिना भटकाए प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराए गए, तो नगर निगम कार्यालय पर धरना–प्रदर्शन किया जाएगा। समिति पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि नगर निगम में प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया बेहद सुस्त है। लोगों को कई–कई चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जबकि ऑनलाइन व्यवस्था होने के बावजूद काम समय पर नहीं हो पा रहा। आरोप यह भी है कि कुछ मामलों में "सुविधा शुल्क" देने वालों के काम जल्दी हो जाते हैं, जबकि सामान्य नागरिकों की फाइलें लंबे समय तक अटकी रहती हैं। भारतीय लोक कल्याण समिति ने कहा कि जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र आम नागरिकों की बुनियादी जरूरत से जुड़े दस्तावेज हैं। इनकी देरी से लोगों को स्कूल एडमिशन, सरकारी योजनाओं, बैंकिंग और अन्य जरूरी कार्यों में परेशानी उठानी पड़ती है। समिति ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि प्रमाण पत्र जारी करने की समयसीमा तय की जाए और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनाई जाए। समिति ने चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो जनहित में बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी।

## बालश्रम उन्मूलन अभियान चलाकर लोगों को किया जागरूक



न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। जनपद में बालश्रम उन्मूलन एवं मानव तस्करी रोकथाम को लेकर पुलिस एवं श्रम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दुकानों, रेलवे स्टेशन, ऑटोमोबाइल वर्कशॉप एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर लोगों को बालश्रम के प्रति जागरूक किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में चलाए गए अभियान के तहत अनैतिक देह व्यापार, मानव तस्करी, भिक्षावृत्ति उन्मूलन एवं बालश्रम उन्मूलन को लेकर आमजन को जागरूक किया गया। टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर पंपलेट एवं पोस्टर चस्पा कर लोगों को बालश्रम के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान दो बच्चों से बालश्रम कराए जाने का मामला सामने आया, जिस पर संबंधित दो नियोजकों को नोटिस जारी करते हुए कड़ी चेतावनी दी गई। दुकानदारों को स्पष्ट हिदायत दी गई कि भविष्य में यदि किसी प्रतिष्ठान पर बालश्रम करते बच्चे पाए गए तो संबंधित के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान लोगों को टोल फ्री नंबर 1090, 112, 181, 1076, 1098, 102, 108 तथा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के संबंध में भी जानकारी दी गई। प्रभारी एएचटी प्रेमचन्द्र ने लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें तथा यदि कहीं बच्चे काम करते दिखाई दें तो इसकी सूचना तत्काल चाइल्ड लाइन 1098 या पुलिस हेल्पलाइन 112 पर दें। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटी प्रेमचन्द्र, एएचटी टीम एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी सहित संबंधित विभागों की टीम मौजूद रही।

## जनगणना को सफल बनाने के लिए एसएसपी ने जनपदवासियों से की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। भारत सरकार द्वारा संचालित जनगणना–2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत स्वगणना प्रक्रिया को सफल बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने जनपदवासियों से सक्रिय सहभागिता की अपील की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने नागरिकों से जनगणना कार्य में पूर्ण सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से प्राप्त आंकड़े विकास योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के उचित वितरण तथा जनकल्याणकारी नीतियों को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने जनपदवासियों से अनुरोध किया कि जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सही, स्पष्ट एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि जनगणना प्रक्रिया पारदर्शी एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।तज उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान एकत्रित की जाने वाली सभी सूचनाएं पूरी तरह गोपनीय रखी जाती हैं तथा उनका उपयोग केवल सरकारी एवं सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए ही किया जाता है। इटावा पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना–2027 में जिम्मेदारीपूर्वक सहभागिता निभाते हुए राष्ट्र निर्माण के इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।




## मिशन शक्तिअभियान : लवेदी पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना लवेदी पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने ग्राम सबदलपुर पहुंचकर महिलाओं एवं ग्रामीणों को जागरूक किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। टीम द्वारा पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराधों से बचाव को लेकर भी लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने महिलाओं को बताया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। साथ ही ऑनलाइन लेन–देन एवं सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्क रहने की सलाह दी गई। इस अवसर पर महिलाओं को जागरूकता पंपलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। थाना लवेदी पुलिस ने कहा कि महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता को लेकर अभियान लगातार जारी रहेगा।



## महिला से छेड़खानी के आरोप में दरोगा निलंबित

न्यूज वाणी ब्यूरो/धामपुर, बिजनौर। महिला से कथित छेड़खानी के मामले में पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने आश्रम में रह रहे शहर इंचार्ज ब्रह्मपाल गिरी दरोगा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मामले की विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। बताया गया कि पांच मई की देर रात महंत पानप देव समाधि स्थल आश्रम में रहने वाले एक परिवार की महिला ने धामपुर कोतवाली में तैनात बुलंदशहर निवासी दरोगा ब्रह्मपाल गिरी पर गलत नीयत से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। आरोप के बाद महिला के परिजनों और दरोगा के बीच आश्रम परिसर में विवाद और मारपीट हो गई थी। मारपीट में दरोगा ब्रह्मपाल गिरी गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनका उपचार बरेली के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस इस मामले में दो लोगों को गिरतार कर उनका चालान भी कर चुकी है। क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने बताया कि मामले की जांच रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक को भेज दी गई थी। रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने मामले को गंभीर मानते हुए आरोपी दरोगा को निलंबित कर दिया। उन्होंने बताया कि महिला की तहरीर पर जांच पूरी होने के बाद जल्द मुकदमा दर्ज किया जाएगा। वहीं घायल दरोगा के स्वास्थ्य में अब धीरे–धीरे सुधार बताया जा रहा है।

# पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार, एक घायल

## - अवैध तमंचे, कारतूस, नकदी व बिना नंबर प्लेट की आई-20 कार बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसओजी, सर्विलांस टीम एवं थाना बकेवर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ में एक अभियुक्त के पैर में गोली लगी, जिसे उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से दो अवैध तमंचे, कारतूस, नकदी, पीली धातु की गांठ तथा बिना नंबर प्लेट की आई–20 कार बरामद की है। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीशचंद्र के मार्गदर्शन व



क्षेत्राधिकारी भरथना रामदवन मौर्या के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार 13 मई को एसओजी, सर्विलांस टीम एवं थाना बकेवर पुलिस इकनौर तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक आई–20 कार आती दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा वाहन रोकने का इशारा किए जाने पर कार सवार युवक भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा किया तथा दूसरी मोबाइल टीम को भी सूचना दी गई। खुद को घिरता देख कार सवार बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त सुल्तान यादव के दाहिने पैर में गोली लग गई, जबकि दूसरे अभियुक्त शिवम उर्फ प्रवीण कुमार को नगला महासिंह के पास से गिरतार कर लिया गया। घायल अभियुक्त को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस पूछताछ एवं तलाशी के दौरान अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचे 315 बोर, 01 खोखा कारतूस, 04 जिंदा कारतूस, 01 मिस कारतूस, 05 ग्राम गली हुई पीली धातु की गांठ, 10 हजार रुपये नकद तथा बिना नंबर प्लेट की आई–20 कार बरामद की गई। बरामद पीली धातु एवं नकदी के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने 14 फरवरी 2026 को थाना बकेवर क्षेत्र में बाइक पर बैठी महिला से झपट्टा मारकर पीली धातु लूटी थी। इस संबंध में थाना बकेवर पर मु0अ0सं0 39/2026 धारा 304 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज है। मामले में अब धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी भी की गई है। गिरतारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना बकेवर में मु0अ0सं0 132/2026 धारा 109 बीएनएस तथा 3/25/27 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजी.त किया गया है। वहीं बरामद आई–20 कार को धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज कर दिया गया। गिरतार अभियुक्तों की पहचान शिवम उर्फ प्रवीण कुमार पुत्र संतोष कुमार निवासी अशोक नगर, भरथना चौराहा थाना भरथना तथा सुल्तान यादव पुत्र सतीश यादव निवासी आसा नंदपुर थाना बसरेहर के रूप में हुई है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार सुल्तान यादव पर हत्या के प्रयास, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट, लूट एवं अन्य गंभीर धाराओं में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं शिवम उर्फ प्रवीण कुमार पर भी लूट एवं चोरी से संबंधित मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। इस कार्रवाई में प्रभारी एसओजी, सर्विलांस टीम एवं थाना बकेवर के थानाध्यक्ष विपिन मलिक सहित पुलिस टीम की सक्रिय भूमिका रही।

# रैंकिंग में गिरावट पर जिलाधिकारी सख्त

## - मंडी, नगर विकास व खनिज विभाग के प्रदर्शन पर जताई नाराजगी
## - सीएम डैशबोर्ड समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए सुधार के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यों में तेजी लाने तथा जनपद की रैंकिंग में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद की रैंकिंग 32 वें स्थान से गिरकर 65 वें स्थान पर पहुंच गई है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने मंडी, नगर विकास एवं खनिज विभाग के प्रदर्शन को अत्यंत खराब बताते हुए नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने कार्यों की गंभीरता से समीक्षा करें और जिन बिंदुओं पर अंक कम प्राप्त हुए हैं, वहां तत्काल प्रभाव से सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। समीक्षा के दौरान विभिन्न योजनाओं एवं बिंदुओं की स्थिति प्रस्तुत की गई। एमओयू मॉनिटरिंग में डिस्ट्रिक्ट रैंक 6/10 तथा जनपद रैंक 35/75 रही। पीएम स्वनिधि योजना में 7/10 एवं 20/75, संपत्ति नामांतरण में 7/10 एवं 39/44, डिजी शक्ति में 10/10 एवं 56/75, उत्पाद राजस्व बनाम लक्ष्य आबकारी में 10/10 एवं 30/75, पेट्रोल पंप सत्यापन में 10/10 एवं 1/75, नगर विकास एवं गरीबी उन्मूलन अमृत योजना में 10/10 एवं 57/72, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में 6/10 एवं 62/75, लक्ष्य के सापेक्ष प्रवर्तन कार्रवाई राज्यकर में 10/10 एवं 5/64, आरसीसीएम डैशबोर्ड में 6/10 एवं 51/75, एंटी भू–माफिया में 10/10 एवं 68/75, धारा–89 में 7/10 एवं 65/74, भूलेख में 10/10 एवं 35/75, मुख्यमंत्री .षक दुर्घटना योजना में 8/10



एवं 50/75, वसूली प्रमाणपत्र में 8/10 एवं 42/75, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन में 8/10 एवं 34/75 तथा आईजीआरएस में 5/10 एवं 47/75 रैंक प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि वित्तीय वर्ष की शुरुआत में ही यदि सभी विभाग बेहतर कार्यप्रणाली अपनाएं तो पूरे वर्ष जनपद की स्थिति मजबूत बनी रह सकती है। उन्होंने कहा कि जब अन्य जनपद बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं तो इटावा भी उत्.ष्ट कार्य कर सकता है। उन्होंने अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए जनपद की रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक संदीप श्रीवास्तव, एआरटीओ प्रदीप देशमणि, आबकारी अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, खनन अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आकार लेने लगा भरथापुर विस्थापितों के सपनों का ग्राम भरतपुर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जनपद के दूरस्थ ग्राम भरथापुर के हितग्राहियों को




विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से 25 मार्च को तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के ग्राम सेमरहना में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई घोषणा के अनुपालन में विस्थापित परिवारों के लिए स्मार्ट ग्राम भरतपुर आकार लेने लगा है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में ग्राम्य विकास, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, जल निगम, बाल विकास एवं पुष्टाहार व बेसिक शिक्षा सहित अन्य विभाग अपने अपने हिस्से की आहूति डालकर भरथापुर ग्राम के विस्थापित परिवारों के लिए सभी सुविधाओं से सुसज्जित ग्राम का निर्माण करने में अग्रसर हैं। ग्राम भरतपुर में जहां लोक निर्माण विभाग द्वारा आंतरिक गलियों के प्रथम फेज अन्तर्गत मिट्टी भराई के उपरान्त गिट्टी डालकर रोड रोलर से कमपैक्शन का कार्य किया जा रहा है जबकि विद्युत विभाग द्वारा खम्भे लगाये जाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में विद्युत लाईनों का ताना–बाना बुना जा रहा है। विस्थापित परिवारों को पेयजल मिलने में किसी प्रकार की असुविधा हो इसके लिए जलनिगम द्वारा ग्राउण्ड जीरों पर पाइप लाइन बिछाने तथा बोरिंग कार्य स्थल पर 03 चिन्हित स्थानों पर सबमर्सीबल हेतु बोरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। विस्थापित परिवारों के साथ निवासरत धात्री एवं गर्भवती महिलाओं तथा छोटे बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण तथा प्री प्राइमरी शिक्षा के लिए निर्मित होने वाले आंगनबाडी केन्द्र का कार्य भी छत स्तर तक पूर्ण हो गया है। इसके अलावा बच्चों की शिक्षा के लिए विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण भी लगभग पूर्ण कर लिया गया है। स्मार्ट ग्राम में बनने वाले मुख्यमंत्री आवासों की बात की जाये तो लाभार्थियों द्वारा आवास निर्माण हेतु नींव खुदाई का कार्य प्रारम्भ हो गया है। कुछ लाभार्थियों द्वारा आवास निर्माण हेतु ईंट आदि सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करा ली गयी है। वर्तमान समय में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा कार्यस्थल पर उपस्थित रह कर युद्ध स्तर पर आवास निर्माण का कार्य कराया जा रहा है।

# घायलों का हाल जानने जिला अस्पताल पहुंचे एडीएम

## - तूफान ने उजाड़ दी थीं कई जिंदगियां, घायलों को बेहतर इलाज दिलाना प्राथमिकता

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बीते बुधवार शाम आए भीषण आंधी–तूफान के बाद जनपद में मची तबाही के बीच गुरुवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. अविनाश त्रिपाठी जिला अस्पताल पहुंचे और वहां भर्ती घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने एक–एक मरीज से मुलाकात कर स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा शासन की ओर से मिलने वाली अनुमन्य अहेतुक सहायता के बारे में भी जानकारी दी। एडीएम ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार सिंह को निर्देश दिए कि सभी घायलों का प्राथमिकता के आधार पर समुचित उपचार कराया जाए और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि



जिलाधिकारी लगातार पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि बुधवार को अचानक आई तेज रतार आंधी और तूफान ने पूरे जिले में भारी तबाही मचा दी थी। कई स्थानों पर पेड़, दीवारें और छप्पर गिरने से नौ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दर्जनों लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज विभिन्न सरकारी अस्पतालों में जारी है। करीब आधे घंटे चली इस विनाशकारी आंधी ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। कहीं कच्चे मकान ढह गए तो कहीं पेड़ों के गिरने से लोग हादसे का शिकार हो गए। प्रशासन अब नुकसान का आंकलन कराने में जुटा है। मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है। जिला अस्पताल में निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर अनामिका श्रीवास्तव समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने घायलों और उनके परिजनों को भरोसा दिलाया कि इलाज और सहायता में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

## फांसी लगा युवक ने दी जान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम चक मुगल में गुरूवार की सुबह मानसिक तनाव के चलते 18 वर्षीय युवक ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

जानकारी के अनुसार चकमुगल गांव निवासी बकरीदी का पुत्र बल्लू ने गुरूवार की सुबह घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में घटना के बाबत जानकारी मृतक का ममेरा भाई मो0 अली ने दी है।

## कछुआ चाल से बन रही सड़क, व्यापारी परेशान

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नौबस्ता रोड की हालत इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। जहां सड़क निर्माण कार्य की रतार इतनी धीमी है कि लोग इसकी तुलना कछुए की चाल से कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि विकास कार्य लगभग ठप पड़ा है और जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। व्यापारी देवेंद्र शिवहरे, पोली, उमेश सिंह के अनुसार सड़क पर काम कभी–कभार शुरू होता है, लेकिन लगातार जारी नहीं रहता। एक दिन मशीनें दिखाई देती हैं तो अगले कई दिनों तक न मजदूर नजर आते हैं और न ही कोई गतिविधि होती है। इससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। टूटी–फूटी सड़क, धूल और गड्ढों के कारण राहगीरों और वाहन चालकों की परेशानी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि इस परियोजना में भ्रष्टाचार के चलते काम की गति प्रभावित हुई है। उनका कहना है कि ठेकेदार और संबंधित विभाग की लापरवाही के कारण सड़क निर्माण अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों का तंज है कि शायद काम जानबूझकर धीमा किया जा रहा है। बरसात का मौसम नजदीक होने के कारण लोगों की चिंता और बढ़ गई है। यदि समय रहते सड़क का निर्माण पूरा नहीं हुआ तो हालात और खराब हो सकते हैं। अब क्षेत्रीय जनता प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग कर रही है, ताकि सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके और लोगों को राहत मिल सके।

## पीएम के खिलाफ कथित टिप्पणी पर भाजपा महिला मोर्चा का प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो/बिजनौर। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर समाजवादी पार्टी के एक सांसद द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान महिला मोर्चा की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए नाराजगी जताई। महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं का कहना था कि देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि इस तरह की बयानबाजी से राजनीतिक माहौल खराब होता है और जनता में गलत संदेश जाता है। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए संबंधित सांसद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि प्रधानमंत्री पद की गरिमा बनाए रखना सभी जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है और इस प्रकार की टिप्पणी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जा सकती। इस दौरान महिला मोर्चा की कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहीं। प्रदर्शन को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था भी मुस्तैद रही।



## लेखपाल व कानूनगो पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो/धामपुर, बिजनौर। गांव खानूजट में जमीन की चहारदीवारी गिराए जाने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। बुधवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग उठाई। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव निवासी एक महिला ने कुछ समय पहले .षि भूमि खरीदी थी, जिसके बाद जमीन की सुरक्षा के लिए वहां चहारदीवारी का निर्माण कराया गया। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों की शिकायत पर राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने बिना किसी पूर्व नोटिस के जेसीबी मशीन से दीवार ध्वस्त करा दी। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि दीवार निर्माण में लाखों रुपये खर्च हुए थे और कार्रवाई से परिवार को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने राजस्व कर्मचारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा को ज्ञापन सौंपते हुए नुकसान की भरपाई कराने की भी मांग की। इस दौरान कामेंद्र सिंह, राकेश कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं तहसीलदार धनराज कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 25 हजार का इनामी हत्यारोपी पत्नी समेत गिरफ्तार

## - मलवां पुलिस को मिली बड़ी सफलता

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद की मलवां थाना पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे 25 हजार के इनामी अभियुक्त को उसकी पत्नी के साथ गिरतार कर बड़ी सफलता हासिल की है। दोनों आरोपी लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर थे। पुलिस ने गिरतार आरोपियों को न्यायालय भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित अपराधियों और वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में गुरुवार सुबह थाना मलवां पुलिस ने मु0अ0सं0 87/2026 धारा 103(1)/191(2) बीएनएस एवं 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से संबंधित दो वांछित आरोपियों को गिरतार किया। गिरतार आरोपियों में ग्राम बुधइयापुर मजरे कोराई थाना मलवां निवासी मान सिंह पुत्र राजबिहारी शामिल है, जिस पर 25 हजार का इनाम घोषित था। उसके साथ उसकी पत्नी तारावती को भी पुलिस ने गिरतार किया है। दोनों को रेलवे ओवरब्रिज के पास ट्यूबवेल के निकट से सुबह करीब 9.30 बजे दबोचा गया। पुलिस के मुताबिक हत्या के इस चर्चित मामले में दोनों आरोपी काफी समय से फरार चल रहे थे, जिनकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर थाना मलवां पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को गिरतार कर लिया। गिरतारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव मिश्रा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक विनोद सिंह, उपनिरीक्षक बृजेश कुमार, हरिश्चंद्र शुक्ला, नागेश कुमार गिरि, कांस्टेबल अजीत कुमार, अभिषेक दुबे, महिला कांस्टेबल लवली व रंजना शामिल रहीं।



# पीएम मोदी पर टिप्पणी से उबला भाजपा महिला मोर्चा

## - सपा सांसद की बर्खास्तगी को लेकर फूटा गुस्सा, अखिलेश शर्म करो के लगाए नारे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। महोबा–हमीरपुर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के सांसद अजेन्द्र सिंह द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई कथित अशोभनीय टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। गुरुवार को महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष ज्योति प्रवीण के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने नहर कॉलोनी प्रांगण में धरना–प्रदर्शन कर सपा और उसके राष्ट्रीय नेतृत्व के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिलाएं हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर अखिलेश यादव मुर्दाबाद, समाजवादी पार्टी मुर्दाबाद जैसे नारे लगाती रहीं। प्रदर्शनकारियों ने सपा सांसद अजेन्द्र सिंह को तत्काल पार्टी से बर्खास्त किए जाने की मांग उठाई। धरने को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रवीण ने कहा कि प्रधानमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा नेताओं की भाषा लगातार गिरती जा रही है और पार्टी नेतृत्व ऐसे बयानों पर मौन साधे हुए है। महिलाओं ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की भी मांग की। चेतावनी दी कि यदि सांसद पर कार्रवाई नहीं हुई तो महिला मोर्चा सड़क से लेकर जनआंदोलन तक करने को मजबूर होगा। धरना–प्रदर्शन में जिला महामंत्री सुशीला मौर्या, रंजना द्विवेदी, वंदना द्विवेदी, उत्प्रेक्षा द्विवेदी, कल्पना सिंह, नीतू तिवारी, लक्ष्मी मौर्या, ज्ञाना पासवान, सुनीता गुप्ता, रामा पासवान, संगीता, तन्नू, निशा समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।



# डीएम ने जनसमस्याएं सुन त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न दूरदराज क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनसामान्य द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों पर डीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, समाज कल्याण, नगर निकाय समेत विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें सामने आईं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध समाधान किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। डीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से शिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता बरतने तथा मौके पर जाकर समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 40 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## अदालती नोटिस

समन बनाम कायम मुकाम कानूनी मुद्दाअलेह मुतवफफ़ी
(आर्डर 22 कायदा 4)

न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) कोर्ट नं0 1, फतेहपुर

नं0 मु0– 1019 सन् 2017 ई० 1.सैय्यद इसरार हुसैन उम्र करीब 66 वर्ष 2.सैय्यद इजहार हुसैन उम्र करीब 60 वर्ष 3. सैय्यद इकतेदार हुसैन उम्र करीब 54 वर्ष 4. सैय्यद इंतेजार हुसैन उम्र करीब 46 वर्ष पुत्रगण स्व0 सैय्यद जव्वार हुसैन साकिनान मोहल्ला चौधराना कस्बा व परगना हसवा जिला फतेहपुर।

.....वादीगण

बनाम

1.सैय्यद साबिर हुसैन उम्र करीब 63 वर्ष पुत्र स्व0 सैय्यद विलायत हुसैन साकिन 412/271 मोहल्ला बाकरगंज शहर व जिला फतेहपुर।

2.सैय्यद खुर्शीद असगर उम्र करीब 70 वर्ष 3. सैय्यद रेयाज अकबर उम्र करीब 60 वर्ष 4. सैय्यद फैय्याज अकबर उम्र करीब 58 वर्ष 5. सैय्यद अली असगर उर्फ अलमदार जैदी उम्र करीब 56 वर्ष 6. सैय्यद अली इमाम उम्र करीब 52 वर्ष पुत्रगण स्व0 सैय्यद खुर्शीद अकबर निवासी साकिनान मोहल्ला किला रोड बाकरगंज शहर व जिला फतेहपुर।

.....प्रतिवादीगण

बनाम नोटिस

3/1. श्रीमती फर्रूख उम्र करीब 58 वर्ष बेवा सैय्यद रेयाज अकबर निवासिनी मोहल्ला किला रोड बाकरगंज शहर व जिला फतेहपुर। 6/1. श्रीमती नगमा उम्र करीब 40 वर्ष बेवा सैय्यद अली इमाम 6/2. बिलाल जैदी उम्र करीब 20 वर्ष

6/3. हिलाल उर्फ नदीन जैदी उम्र करीब 18 साल पुत्रगण स्व0 सैय्यद अली इमाम ? 6/4. मिनहाल जैदी उम्र करीब 16 साल 6/5. शनावर जैदी उम्र करीब 12 साल नाबालिगान पुत्रगण स्व0 सैय्यद अली इमाम बविलायत मादर हकीकी जरिये नगमा बेवा सैय्यद अली इमाम हरगाह वादीगण ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 21 माह 07 सन् 2026 ई० बवक्त 10:00 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 13 माह 05 सन् 2026 ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम
न्यायालय सिविल जज (सी0डि0)
कोर्ट नं0 1 फतेहपुर।

# समाधान समारोह में आपसी सहमति से होगा विवादों का निस्तारण

## - 21 अगस्त से होगी विशेष लोक अदालत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आमजन को सरल, सस्ता और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने समाधान समारोह 2026 अभियान को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। सचिव (पूर्णकालिक) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर 21 अप्रैल से समाधान समारोह 2026 की शुरुआत हो चुकी है। जिसका समापन 21, 22 और 23 अगस्त को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के साथ होगा। बताया गया कि विशेष लोक अदालत का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय परिसर में किया जाएगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों का निस्तारण आपसी सहमति और सुलह–समझौते के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए पहले से ही सुलह बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुसार राज्य, जिला, तालुका और उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरणों के मध्यस्थता केंद्रों पर लगातार सुलह वार्ताएं आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में प्रशिक्षित मध्यस्थ और विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी पक्षकारों के बीच संवाद स्थापित कर विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का प्रयास करेंगे। प्राधिकरण ने अधिवक्ताओं, वादकारियों और अन्य संबंधित पक्षों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि पक्षकार चाहें तो सशरीर अथवा वर्चुअल माध्यम से भी इन सुलह बैठकों में शामिल हो सकते हैं। अधिकारियों ने कहा कि समाधान समारोह 2026 का उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को आसान बनाते हुए लोगों को लंबी कानूनी लड़ाई से राहत दिलाना और आपसी सहमति के जरिए विवादों का त्वरित निस्तारण कराना है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र अव्यान सिंह का जन्म दिनांक 10.03.2024 को घर पर हुआ था। माता का नाम संध्या सिंह है। अज्ञानतावश मेरे पुत्र का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। शैलेन्द्र भान सिंह पुत्र उदय भान सिंह निवासी दहेली, मजरे शाह ब्लाक बहुआ जिला फतेहपुर।

## अदालती नोटिस

न्यायालय जिला जज फतेहपुर

प्रकीर्ण वाद सं0– 52/70 सन 2026 ई0

श्रीमती नूरजहाँ पत्नी स्व0 गयासुद्दीन निवासी ग्राम दुनौली, परगना हथगाम तहसील खागा, जनपद फतेहपुर।

(आवेदिका/प्राथिनी)

बनाम

1.सरकार उत्तर प्रदेश द्वारा कलेक्टर साहब फतेहपुर।

2.तहसीलदार तहसील खागा फतेहपुर। (विपक्षी) प्रार्थना पत्र अ0 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम आपने बमोजिब ऐक्ट नं0 39 सन् 1925 अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम हरगाह श्रीमती नूरजहाँ पत्नी स्व0 गयासुद्दीन नें दरख्वास्त वसूल सर्टीफिकेट गुजराई है और दिनांक 30 माह 05 सन 2026 वास्ते दरख्वास्त के मुकर्रर की जाती है लेहाजा यह इष्तेहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को निस्वत दरख्वास्त सर्टीफिकेट के उज्र हो व असालतन या वकालन तारीख मुकर्ररा पर 07:00 बजे सुबह न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर में हाजिर होकर अपना उज्र पेष करे दरसूरत इन्केजाय दिनांक मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा और हुकुम मुनासिब निस्वत मजकूर के सादिर होगा। दिनांक 11 माह 05 सन् 2026 वास्ते उजुरदारी व समात दरख्वास्त मुकर्रर की जाती है। अलमरकूम माह सन् 202 को नोटिस जारी की गयी।

मुंसरिम
न्यायालय जिला जज फतेहपुर।

# समितियों के पारदर्शी संचालन व डिजिटल बनाने की बताई प्रक्रिया

## - नवगठित 72 सहकारी समितियों का हुआ तीन दिवसीय प्रशिक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के मुख्यालय पर नवगठित 72 सहकारी समितियों (बी–पैक्स) के पदाधिकारियों हेतु आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। तीन दिनों तक चले विशेष कार्यक्रम में समितियों के नवनियुक्त सचिवों, अध्यक्षों और संचालक मंडल के सदस्यों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण का प्राथमिक लक्ष्य सहकार से समृद्धि योजना के विजन को धरातल पर उतारना था। तीन दिनों तक चले विभिन्न सत्रों में विभागीय विशेषज्ञों द्वारा पदाधिकारियों को विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। सहकारी नियम व बैंकिंग कार्यप्रणाली समितियों के पारदर्शी संचालन के वैधानिक गुर बैंकिंग को आधुनिक और डिजिटल बनाने की प्रक्रिया। किसानों को सुगमता से ऋण उपलब्ध कराने की कार्य योजना सरकारी योजनाओं को सीधे किसानों तक पहुँचाने के व्यावहारिक तरीके शिविर के अंतिम दिन एसीएसटीआई लखनऊ से आए उप महाप्रबंधक व संकाय सदस्य अतुल चन्द्र पाठक ने कहा कि इस प्रशिक्षण से ग्रामीण स्तर पर सहकारिता आंदोलन को नई ऊर्जा मिलेगी। वहीं, बैंक के सचिव विजय कुमार और जिला प्रबंधक नाबार्ड ने जोर दिया कि कुशल प्रबंधन से ही समितियां किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगी। समापन के अवसर पर बैंक सभापति एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी व संदीप कुमार प्रशासन/संग्रह अनुभाग अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई दी। अधिकारियों ने विष्वास जताया कि इस पहल से जनपद की सहकारी समितियों के प्रबंधन में पारदर्शिता आएगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।



# व्यापारियों की सुरक्षा पर सख्त हुए पुलिस कप्तान

## - समस्याओं के समाधान को लेकर अफसरों को दिए कड़े निर्देश
## - व्यापार मंडल संग बैठक में कानून-व्यवस्था मजबूत रखने का दिलाया भरोसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में व्यापारियों की सुरक्षा, समस्याओं के समाधान और बेहतर पुलिस–व्यापारी समन्वय को लेकर गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में अहम बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ संवाद करते हुए उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक के दौरान व्यापार मंडल प्रतिनिधियों ने बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी और व्यापारियों से जुड़े अन्य मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। इस पर एसपी ने भरोसा दिलाया कि जनपद में कानून–व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा तथा व्यापारिक गतिविधियों के सुरक्षित एवं सुचारु संचालन के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे। एसपी ने कहा कि पुलिस और व्यापारियों के बीच बेहतर तालमेल से अपराध नियंत्रण में मदद मिलती है। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। बैठक मेंअपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश राय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



# दिव्यांगजनों के लिए हथगाम में लगा सहायक उपकरण शिविर

## - 103 आवेदन मिले, आज ऐराया में लगेगा कैंप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा विकास खंड हथगाम में .त्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के तहत चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन पहुंचे और विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन किए। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया कि आयोजित शिविर में कुल 128 दिव्यांगजनों ने प्रतिभाग किया। इनमें से 103 दिव्यांगजनों के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत आवेदन प्राप्त किए गए, जबकि 25 दिव्यांगजनों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी बनाए गए। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से शुक्रवार 15 मई को विकास खंड ऐराया में भी चिन्हांकन शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में आने वाले दिव्यांगजनों को अपने साथ आवश्यक दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा, ताकि उन्हें विभागीय योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। विभाग के अनुसार शिविर में आने वाले लाभार्थियों को आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र तथा आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र साथ लाना होगा। ग्राम प्रधान द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र भी मान्य रहेगा। शिविर के माध्यम से दिव्यांगजनों को स्मार्ट फोन, ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, वॉकिंग स्टिक, बैसाखी, स्मार्ट केन, आईडी किट, हियरिंग एड तथा .त्रिम हाथ–पैर जैसे सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। विशेष रूप से .ष्टिबाधित ऐसे छात्र–छात्राओं को स्मार्ट फोन दिए जाएंगे जो कक्षा 9 से उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए विभागीय हेल्पलाइन नंबर 8189038778 पर संपर्क किया जा सकता है।


## विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी सं. 08183/08184 टाटानगर-आनंद विहार (ट.) जनजाति दिवस विशेष रेलगाड़ी**

| 08183 टाटानगर-आनंद विहार (ट.) | | | 08184 आनंद विहार (ट.)-टाटानगर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 00:30 | टाटानगर | 00:15 | -- |
| 15:15 | 15:20 | प्रयागराज | 10:20 | 10:25 |
| 18:10 | 18:15 | गोविंदपुरी | 07:50 | 07:55 |
| 03:30 | -- | आनंद विहार (ट.) | -- | 01:45 |

**टाटानगर से-** गाड़ी सं. **08183** (शनिवार), दिनांक **23.05.2026** तथा **आनंद विहार (ट) से-** गाड़ी सं. **08184** (सोमवार), दिनांक **25.05.2026**
**संरचनाः** सामान्य श्रेणी-02, स्लीपर श्रेणी-18

**गाड़ी सं. 08639/08640 राँची-दिल्ली जनजाति दिवस विशेष रेलगाड़ी**

| 08639 राँची-दिल्ली | | | 08640 दिल्ली-राँची | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 03:30 | राँची | 23:15 | -- |
| 14:50 | 14:55 | प्रयागराज | 10:10 | 10:15 |
| 17:50 | 17:55 | गोविंदपुरी | 07:40 | 07:45 |
| 03:30 | -- | दिल्ली | -- | 01:25 |

**राँची से-** गाड़ी सं. **08639** (शनिवार), दिनांक **23.05.2026** तथा **दिल्ली से-** गाड़ी सं. **08640** (सोमवार), दिनांक **25.05.2026** **संरचनाः** स्लीपर श्रेणी-18

**गाड़ी सं. 08057/08058 हावड़ा-नई दिल्ली जनजाति दिवस विशेष रेलगाड़ी**

| 08057 हावड़ा-नई दिल्ली | | | 08058 नई दिल्ली-हावड़ा | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 17:15 | हावड़ा | 04:15 | -- |
| 09:10 | 09:15 | प्रयागराज | 11:05 | 11:10 |
| 12:10 | 12:15 | गोविंदपुरी | 08:30 | 08:35 |
| 00:10 | -- | नई दिल्ली | -- | 02:15 |

**हावड़ा से-** गाड़ी सं. **08057** (शुक्रवार), दिनांक **22.05.2026** तथा **नई दिल्ली से-** गाड़ी सं. **08058** (सोमवार), दिनांक **25.05.2026**
**संरचनाः** सामान्य श्रेणी-02, स्लीपर श्रेणी-18

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | 1101/26 FA








# भैया-बहनों ने योग कर फन हाउस का उठाया आनंद

## - सरस्वती शिशु विद्या मंदिर चौक में लगा समर कैंप

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। शहर के चौक स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें भैया–बहनों ने पहले योग किया तत्पश्चात फन हाउस पहुंचकर आनंद उठाया। साथ ही कई एक्टिविटीज में हिस्सा लेकर इस दिन को यादगार बनाया। अंत में सभी



को विद्यालय की ओर से जलपान भी कराया गया। विद्यालय में समर कैंप लगा। जिसमें नन्हे–मुन्ने भैया–बहनों ने हिस्सा लिया। विद्यालय के अध्यक्ष उज्जैन सिंह, प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव, पूर्व संभाग निरीक्षक राधेश्याम द्विवेदी के साथ विद्यालय की प्रधानाचार्या वर्षा शुक्ला ने माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर समर कैंप का उद्घाटन किया। इसके पश्चात सभी भैया–बहनों ने योग किया तत्पश्चात फन हाउस जाकर वहां का अवलोकन किया और आनंद उठाया। समर कैंप में वंशराज, विनोद उत्तम, दीप प्रकाश श्रीवास्तव, प्रतिभा पाण्डेय, वर्षा, आकांक्षा, यशी, शिवांगी, विनोद श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। अंत में बच्चों को फन हाउस में ही जलपान दिया गया।

# मिट्टी का खनन दिन में ही हो, रात्रि में न होने पाए : डीएम

## - खनन परिवहन आबादी वाले मार्गो में पानी का छिड़काव अवश्य कराएं
## - डीएम ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेकर अधीनस्थों को दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गॉधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुई। उन्होंने सड़क सुरक्षा से संबंधित बिन्दुओं व जनपद में संचालित खनन पट्टों, अवैध खनन पर विस्तृत चर्चा कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाय कि मिट्टी का खनन दिन में ही हो रात्रि में न होने पाए, साथ ही जिस स्थान पर मिट्टी का खनन हो रहा है, में वैध अनुमति, क्षेत्र की सीमा आदि अंकित किया हुआ बोर्ड अवश्य लगाया जाय। उन्होंने खनन पट्टाधारकों को निर्देशित किया कि खनन परिवहन आबादी वाले मार्गो में पानी का छिड़काव अवश्य कराए ताकि धूलधमिट्टी न उड़े एवं खनन मानक के अनुरूप हो और वाहनों में खनिज मानक के अनुरूप ही लोड कराया जाय, यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ ही कराई जाय। खनन पट्टाधारकों से कहा कि जिनकी राजस्व संग्रह की किस्तधजिला खनिज न्यास निधि की धनराशि अवशेष हो, को जल्द से जल्द जमा कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि ओवरलोड वाहनों का परिवहन न होने दे, के लिए प्रभावी रूप



से गठित टास्क फोर्स द्वारा कार्यवाही की जाय, साथ ही जिले स्तर पर एक कंट्रोल रूम की स्थापना की जाय। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित किया कि जिस भी वाहन से खनिज का परिवहन हो रहा हो पर स्पष्ट रूप से वाहन नंबर प्लेट दिखाई पड़े और वैध कागजात अवश्य हो। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सड़क सुरक्षा के .ष्टिगत व सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के .ष्टिगत बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट के वाहनों का चालान करना सुनिश्चित करे और संबंधित थानावार इसकी निगरानी बनाए रखते हुए कार्य करे एवं सड़क के किनारे अवैध रूप से वाहनों की पार्किंग न होने दे, पाए जाने पर कार्यवाही सुनिश्चित करें। नशे की हालत में मिलने वाले वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस जब्त करते हुए एआरटीओ को सौंपे जाय, जिससे कि नियमानुसार कार्यवाही हो सके। सड़क सुरक्षा के .ष्टिगत सभी थानावार पुलिस क्षेत्राधिकारियों से सड़क दुर्घटना रोकने के सुझाव भी लिए गए। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा के .ष्टिगत अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि हाईवे से जुड़ने वाले संपर्क मार्गो में आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर, टेबल टॉप, साइनेज आदि लगाए जाय। उन्होंने आरटीओ, पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि प्रवर्तन की कार्यवाही संवेदनशीलता के साथ प्रभावी ढंग से कराई जाय। गंभीर दुर्घटना वाले वाहन चालकों व जिस दुर्घटना में वाहन चालक की लापरवाही से किसी की मौत हो गई हो, पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए ड्राइविंग लाइसेंस के निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाय , साथ ही दुर्घटना की जांच संबंधी रिपोर्ट पुलिस विभाग समय से एआरटीओ को उपलब्ध कराए। उन्होंने वाहन चालको द्वारा यातायात के नियमों का उलंघन बार.बार करते हुए पाए जाने पर ड्राइविंग लाईसेंस नियमानुसार निरस्त करते हुए कार्यवाही करें। उन्होंने सड़क सुरक्षा के .ष्टिगत आरटीओ को निर्देशित किया कि जागरूकता कार्यक्रम में समाजसेवियों को जोड़कर विभिन्न मध्यमो से प्रचार. प्रसार भी कराया जाय। वाहन चालको को यातायात के नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चालको को हेलमेट, चार पहिया वाहन चालको को सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक किया जाय। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, सीडी–2, उप संभागीय परिवहन अधिकारी, समस्त थाना प्रभारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# टूटते रिश्तों को फिर मिला नया सहारा

## - परिवार परामर्श केंद्र में दंपति ने थामा एक-दूजे का हाथ

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। जनपद पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत चलाए जा रहे साथ–साथ कार्यक्रम के तहत एक बार फिर बिखरते परिवार को जोड़ने की सराहनीय पहल देखने को मिली। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में संचालित परिवार परामर्श केंद्र में गुरुवार को काउंसलिंग के बाद एक दंपति के बीच सुलह–समझौता कराया गया। परिवार परामर्श केंद्र में प्रभारी निरीक्षक संगीता सिंह, काउंसलर मो. जावेद एवं मंजू शुक्ला ने दोनों पक्षों की बात गंभीरता से सुनी और आपसी मतभेद दूर कराने का प्रयास किया। लंबी बातचीत और समझाइश के बाद दंपति पुराने मनमुटाव भुलाकर दोबारा साथ रहने को राजी हो गए। इस दौरान महिला आरक्षी यशस्वी शर्मा भी मौजूद रहीं। पुलिस विभाग की इस पहल को परिवार बचाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। मिशन शक्ति अभियान के तहत लगातार ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे टूटते रिश्तों को नया जीवन मिल सके और परिवारों में फिर से खुशियां लौट सकें।

# शीतगृहों में पर्याप्त भंडारण, 17 मई तक सरकारी केंद्र पर बेचें आलू

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में आलू भंडारण को लेकर किसानों के लिए राहत भरी खबर है। जिला उद्यान अधिकारी डॉ. रमेश पाठक ने बताया कि जिले के शीतगृहों में कुल 2.096 लाख मीट्रिक टन भंडारण क्षमता के सापेक्ष 1.48 लाख मीट्रिक टन आलू का भंडारण किया जा चुका है, जो कुल क्षमता का 70.65 प्रतिशत है। ऐसे में जनपद में आलू भंडारण की किसी प्रकार की समस्या नहीं है।

उन्होंने बताया कि आलू उत्पादक किसान शीतगृहों में सुरक्षित भंडारण कर बाजार भाव अनुकूल होने पर अपनी उपज बेचकर बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। इसी क्रम में शासन की बाजार हस्तक्षेप योजना 2026–27 के तहत किसानों से समर्थन मूल्य पर आलू खरीदने के लिए जनपद में खरीद केंद्र स्थापित किया गया है। नवीन मंडी स्थल बांदा सागर रोड में राजकीय आलू क्रय केंद्र खोला गया है। जहां 17 मई तक किसानों से आलू की खरीद की जाएगी। जिला उद्यान अधिकारी के अनुसार शासन द्वारा नामित एजेंसी उ०प्र० राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हाफेड) किसानों से 650.09 रुपये प्रति कुंतल की दर से आलू खरीदेगी। खरीद केंद्र पर केवल निर्धारित मानकों के अनुरूप आलू ही स्वीकार किए जाएंगे। आलू का आकार 45 से 85 एमएम व्यास का होना चाहिए तथा वह साफ, मजबूत, पका हुआ और रोगमुक्त होना जरूरी है। कटा–फटा, हरा, धूप से प्रभावित या खराब आलू खरीद के लिए मान्य नहीं होगा। केंद्र पर ही आलू की छंटाई और ग्रेडिंग की व्यवस्था की गई है। किसानों को भुगतान सीधे उनके बैंक खाते में किया जाएगा। इच्छुक किसानों को आलू विक्रय के समय आधार कार्ड, पंजीकरण अभिलेख एवं फोटो पहचान पत्र की छायाप्रति साथ लानी होगी। अधिक जानकारी के लिए किसान केंद्र प्रभारी अखिलेश सिंह मो. 8756291705 तथा हाफेड प्रतिनिधि श्रीधर भटनागर मो. 7652088495 से संपर्क कर सकते हैं।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, पुत्र घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम बीबीहाट एनएच–2 में बुधवार की दोपहर चार पहिया की चपेट में आ जाने से मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में लाया गया। जहां इलाज के बाद दोनो को कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जहां रास्ते में महिला की मौत हो गई जबकि पुत्र का कानपुर में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव निवासी सुनील की 45 वर्षीय पत्नी सुमन देवी पुत्र अमित के साथ रिश्तेदारी में जा रही थी। जब यह लोग बीबीहाट के समीप एनएच–2 में पहुचे तभी पीछे से तेज रतार आ रही चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे मां बेटा बुरी तरह घायल हो गये। सूचना पाकर मौके में पहुंची सराकरी एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने मां बेटे की हालत गंभीर देखते हुये कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। परिजन इलाज के लिए कानपुर ले जा रहे थे। तभी रास्ते में सुमन ने दमतोड़ दिया। वहीं पुत्र अमित का हैलेट में इलाज चल रहा है। घर वाले शव लेकर वापस गांव आ गये और पुलिस को सूचना दे दी मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# आनलाइन दवा कारोबार के विरोध में बीस मई को बंद रहेंगी दुकानें

## - जिले के केमिस्ट व ड्रगिस्ट संगठनों ने किया आह्वान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ऑनलाइन दवा व्यापार और ई–फार्मेसी के विरोध में जिले के केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट संगठनों ने बीस मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद का समर्थन करते हुए जिले में भी मेडिकल स्टोर बंद रखने की घोषणा की है। इस संबंध में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की ओर से जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की गई। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एवं प्रादेशिक संस्था ओसीडीयूपी के आह्वान पर यह बंद किया जा रहा है। संगठन का कहना है कि लंबे समय से ऑनलाइन दवा कारोबार, अवैध ई–फार्मेसी संचालन और बड़ी कंपनियों की मनमानी मूल्य नीति से देशभर के लाखों दवा व्यापारियों की आजीविका प्रभावित हो रही है। मांग पत्र में कहा गया कि देश भर के करीब 12 लाख से अधिक केमिस्ट एवं वितरक तथा उनसे जुड़े करोड़ों परिवार इस व्यापार पर निर्भर हैं, लेकिन बार–बार शिकायत और निवेदन के बावजूद सरकार स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई। संगठन ने 28 अगस्त की अधिसूचना जीएसआर 817(ई) और 26 मार्च 2020 की अधिसूचना जीएसआर 220(ई) को वापस लेने की मांग भी उठाई है। केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि समय रहते मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आने वाले समय में आंदोलन



और तेज किया जाएगा। संगठन ने आमजन से 20 मई को सहयोग की अपील करते हुए आवश्यक दवाएं पहले से खरीद लेने का अनुरोध किया है। मांग पत्र सौंपने वालों में चेयरमैन किशन मेहरोत्रा, अध्यक्ष सुमित रस्तोगी, महासचिव राजेश सोनी, गगन अग्रवाल, राजा गुप्ता, लोकेंद्र सिंह, राजीव कुमार, यतीश रायजादा, प्रतियोग प्रताप, बेटू यादव, ज्ञानेन्द्र श्रीवास्तव, सचिन कुमार, मनोज कुमार, अनिल कुमार साहू, राहुल विष्वकर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# गंभीर मामलों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को दिलाएं सजा : डीएम

## - जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता
## - अभियोजन कार्यो की समीक्षा बैठक में बोली जिलाधिकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट



महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुई। जनपद में कानून व्यवस्था को सु.ढ़ एवं प्रभावी बनाए रखने के .ष्टिगत अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निस्तारण, अभियोजना की स्थिति तथा जन सुरक्षा से संबंधित बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गंभीर मामलों (महिला अपराध, गैंगस्टर, पॉक्सो एक्ट आदि) में प्रभावी पैरवी कर अभियोजन से संबंधित प्रकरणों में समयबद्ध कार्यवाही कर दोषियों को शीघ्र सजा दिलाई जाय। उन्होंने कहा कि अभियोजन अधिकारी एवं विवेचक आपस में समन्वय स्थापित कर न्यायालयों में साक्ष्यों एवं गवाहों की प्रस्तुति भी सुनिश्चित कराए ताकि दोषियों को सजा मिल सके। सामाजिक वानिकी , खाद्य सुरक्षा, बाट माप विभाग, जिला पूर्ति से संबंधित वादों को चिन्हित कर लोक अदालत में निस्तारण कराए। उन्होंने लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण त्वरित निस्तारण करने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, ज्येष्ठ अभियोजना अधिकारी, अभियोजना अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता, जिला पूर्ति अधिकारी, वनाधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, जिला प्रोबेशन अधिकारी, खाद्य सुरक्षा सहित समस्त थाना प्रभारी व संबंधित उपस्थित रहे।

# मायके में रह रही नवविवाहिता ने फांसी लगा की आत्महत्या

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जहानाबाद थाना क्षेत्र के सरांय धरमपुर अपने मायके में विगत बारह दिन से रह रही नवविवाहिता ने घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मृतका के पिता ने पति समेत ससुरालीजनों पर दहेज की मांग को लेकर आत्महत्या के लिए उकसाने का अरोप लगाया है। मृतका की शादी ढाई माह पूर्व हुई है। जानकारी के अनुसार कानपुर नगर के थाना सजेती गांव रामसिंह का पुरवा निवासी शिवम दिवाकर की शादी ढाई माह पूर्व जहानाबाद निवासी सुरेश की पुत्री रीना देवी के साथ हुयी थी। बताते हैं कि शादी के डेढ माह बाद किसी बात को लेकर रीना अपने घर चली आई। कुछ दिन रहने के बाद वह अपने ससुराल चली गयी। बारह दिन पूर्व वह फिर अपने मायके आयी और गुरूवार की सुबह उसने घर के अन्दर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका का पिता सुरेश ने बताया कि उसका दामाद शराब पीने का आदी है और दहेज में एसी व बाइक को लेकर उसकी पुत्री को प्रताडित करता था। पिता ने बताया कि बुधवार की शाम दामाद व पुत्री के बीच फोन पर कुछ बाते हुयी जिस पर वह रोने लगी पूछने पर उसने बताया कि कल सुबह बताएंगे और आज सुबह उसने फांसी लगा अपनी जाने दे दी।


## आवश्यक सूचना

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **प्रयागराज-दादरी-प्रयागराज** विशेष रेलगाड़ी के समय एवं संरचना में संशोधन किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:-

**गाड़ी सं. 02417 प्रयागराज-दादरी विशेष रेलगाड़ी के समय में संशोधन**

(1) प्रयागराज से दिनांक 17.05.2026 से 31.05.2026 तक प्रभावी। (वाया. गोविन्दपुरी)

| स्टेशन | मौजूदा समय आगमन | मौजूदा समय प्रस्थान | संशोधित समय आगमन | संशोधित समय प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| प्रयागराज | -- | 20:00 | -- | 21:00 |
| भरवारी | 20:30 | 20:32 | 21:30 | 21:32 |
| सिराथू | 20:50 | 20:52 | 22:00 | 22:02 |
| फतेहपुर | 21:48 | 21:50 | 22:42 | 22:44 |
| बिन्दकी रोड | 22:15 | 22:17 | 23:13 | 23:15 |
| गोविन्दपुरी | 23:00 | 23:05 | 00:10 | 00:15 |
| फफूँद | 00:25 | 00:27 | 01:08 | 01:10 |

(2) प्रयागराज से दिनांक 01.06.2026 से 31.07.2026 तक प्रभावी। (वाया. कानपुर)

| स्टेशन | मौजूदा समय आगमन | मौजूदा समय प्रस्थान | संशोधित समय आगमन | संशोधित समय प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| प्रयागराज | -- | 20:00 | -- | 21:00 |
| भरवारी | 20:30 | 20:32 | 21:30 | 21:32 |
| सिराथू | 20:50 | 20:52 | 22:00 | 22:02 |
| फतेहपुर | 21:48 | 21:50 | 22:42 | 22:44 |
| बिन्दकी रोड | 22:15 | 22:17 | 23:13 | 23:15 |
| कानपुर सेन्ट्रल | 23:00 | 23:05 | 00:12 | 00:17 |
| फफूँद | 00:25 | 00:27 | 01:08 | 01:10 |

नोटः उपरोक्त गाड़ी का क्रमशः इटावा, शिकोहाबाद, टूण्डला, हाथरस, अलीगढ़, खुर्जा एवं दादरी स्टेशनों पर समय में कोई परविर्तन नहीं किया गया है।

**गाड़ी सं. 02417/02418 प्रयागराज-दादरी-प्रयागराज विशेष रेलगाड़ी के संरचना में संशोधन**

| गाड़ी सं. | कहाँ से | कहाँ तक | वर्तमान संरचना | संशोधित संरचना | संशोधन की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 02417 | प्रयागराज | दादरी | सामान्य-05, स्लीपर-08, एसी तृतीय-01, एसी प्रथम सह द्वितीय श्रेणी-01 | सामान्य-05, स्लीपर-08, **एसी तृतीय-02**, एसी प्रथम सह द्वितीय श्रेणी-01 | 17.05.26 से 31.07.26 |
| 02418 | दादरी | प्रयागराज | | | 18.05.26 से 01.08.26 |

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile Aap या वेबसाईट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करे।

उत्तर मध्य रेलवे
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 1106/26(MG)



## विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान रखते हुए ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**गाड़ी सं. 08511/08512 विशाखपट्टणम-दिल्ली विशेष रेलगाड़ी**

गाड़ी संख्या-08511 विशाखपट्टणम-दिल्ली | गाड़ी संख्या-08512 दिल्ली-विशाखपट्टणम

| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 04:15 | विशाखपट्टणम | 17:00 | ---- |
| 08:35 | 08:40 | प्रयागराज जं. | 10:40 | 10:45 |
| 11:35 | 11:40 | गोविन्दपुरी | 08:10 | 08:15 |
| 23:00 | ---- | दिल्ली | ---- | 02:00 |

**विशाखपट्टणम सेः-** गाड़ी संख्या 08511, दिनांक 22.05.2026, **दिल्ली सेः-** गाड़ी संख्या 08512, दिनांक 25.05.2026, **गाड़ी संरचनाः-** सामान्य श्रेणी- 02 एवं स्लीपर श्रेणी- 18

**गाड़ी सं. 08517/08518 विशाखपट्टणम-नई दिल्ली विशेष रेलगाड़ी**

गाड़ी संख्या-08517 विशाखपट्टणम-नई दिल्ली | गाड़ी संख्या-08518 नई दिल्ली-विशाखपट्टणम

| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 03:30 | विशाखपट्टणम | 16:00 | ---- |
| 08:25 | 08:30 | प्रयागराज जं. | 10:30 | 10:35 |
| 11:25 | 11:30 | गोविन्दपुरी | 08:00 | 08:05 |
| 22:30 | ---- | नई दिल्ली | ---- | 01:45 |

**विशाखपट्टणम सेः-** गाड़ी संख्या 08517, दिनांक 22.05.2026, **नई दिल्ली सेः-** गाड़ी संख्या 08518, दिनांक 25.05.2026, **गाड़ी संरचनाः-** सामान्य श्रेणी- 02 एवं स्लीपर श्रेणी- 18

**गाड़ी सं. 03011/03012 हावड़ा-आनन्द विहार (ट.) ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी**

गाड़ी संख्या-03011 हावड़ा-आनन्द विहार (ट.) | गाड़ी संख्या-03012 आनन्द विहार (ट.)-हावड़ा

| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 11:10 | हावड़ा | 09:20 | ---- |
| 06:05 | 06:10 | प्रयागराज जं. | 10:50 | 10:55 |
| 09:10 | 09:15 | गोविन्दपुरी | 08:20 | 08:25 |
| 22:10 | ---- | आनन्द विहार (ट.) | ---- | 02:15 |

**हावड़ा सेः-** गाड़ी संख्या 03011, दिनांक 22.05.2026 (शुक्रवार), **आनन्द विहार (ट.) सेः-** गाड़ी संख्या 03012, दिनांक 25.05.2026 (सोमवार), **गाड़ी संरचनाः-** सामान्य श्रेणी- 02 एवं स्लीपर श्रेणी- 18

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे
@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1105/26(A)



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैं :-

**गाड़ी संख्या 01479/01480 हड़पसर-दानापुर विशेष रेलगाड़ी**

गाड़ी सं.01479 हड़पसर-दानापुर | गाड़ी सं.01480 दानापुर-हड़पसर

| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 19:55 | हड़पसर | 00:15 | — |
| 21:30 | 21:32 | मानिकपुर | 22:28 | 22:30 |
| 00:30 | 00:35 | प्रयागराज छिवकी | 18:05 | 18:10 |
| 09:15 | --- | दानापुर | --- | 11:50 |

**गाड़ी सं. 01479: हड़पसर** से दिनांक 15.05.2026 (शुक्रवार), **गाड़ी सं. 01480: दानापुर** से दिनांक 17.05.2026 (रविवार), **गाड़ी संरचना:** स्लीपर श्रेणी-18, समान्य श्रेणी-02

**गाड़ी संख्या 01077/01078 लोकमान्य तिलक (ट.)-दानापुर विशेष रेलगाड़ी**

गाड़ी सं.01077 लोकमान्य तिलक (ट.)-दानापुर | गाड़ी सं.01078 दानापुर-लोकमान्य तिलक (ट.)

| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 12:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 04:40 | — |
| 08:13 | 08:15 | मानिकपुर | 04:20 | 04:22 |
| 10:00 | 10:05 | प्रयागराज छिवकी | 01:55 | 02:00 |
| 17:00 | --- | दानापुर | --- | 19:00 |

**गाड़ी सं. 01077: लोकमान्य तिलक (ट.)** से दिनांक 15.05.2026 (शुक्रवार), **गाड़ी सं. 01078: दानापुर** से दिनांक 16.05.2026 (शनिवार), **गाड़ी संरचना:** स्लीपर श्रेणी-18, समान्य श्रेणी-02

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे
@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1108/26(D)


स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )